e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 56

सोमवार

26.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब तक जीना, तब तक सीखना-अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने भाजपा का थामा दामन

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष मायावती को अपना इस्तीफा भेजने के साथ अम्बेडकर नगर के सांसद रितेश पाण्डेय ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। भाजपा से जोड़ते हुए चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पाण्डा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रितेश पाण्डेय का स्वागत किया। सांसद रितेश पाण्डेय ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री की विकास की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा में आये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के सभी वायदों को पूरा किया है। वाराणसी से अयोध्या तक एक मुख्य मार्ग की मांग को भी अब पूरा कर दिया गया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रश्न पर कहा कि भाजपा ने मौका दिया तो वह फिर से अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा पार्टी से जुड़कर विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करेंगे।

### रेलवे के 554 स्टेशन व 1500 रोड ओवर ब्रिज-अंडरपास का आज होगा शिलान्यास व उद्घाटन

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेल के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य तथा 1500 रोड़ ओवर ब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 24 स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 105 रोड़ ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास व लोकार्पण किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 24 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जाएगा।

### बोकारो में हाथी के हमले से तीन की मौत

**बोकारो :** ललपनिया थाना क्षेत्र के कोदवाटांड में रविवार की सुबह झुंड से बिछड़े हुए एक हाथी ने तीन लोगों को कुचल दिया, जिसमें कोदवाटांड निवासी 65 वर्षीय सनू मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो महिलाओं चैलियाटांड की सुहानी हेम्ब्रम और ललपनिया निवासी मंजरी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### उत्तराखंड को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम धामी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने दुग्ध संघों के निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन में राज्य को अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है। सभी पदाधिकारी मिलकर उत्तराखंड में न सिर्फ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे बल्कि हमारे प्रदेश के गांवों में रहने वाले किसानों और दुग्ध उत्पादकों की समृद्धि भी सुनिश्चित करेंगे।रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से 7 जनपदों अल्मोड़ा, चम्पावत, पिथौरागढ, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, चमोली एवं पौड़ी के दुग्ध उत्पादन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद थे।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और पशुपालकों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये संकल्पित हैं। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी किसानों और पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के प्रथम एम्स का किया लोकार्पण

**राजकोट :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राजकोट के खंडेरी में निर्मित गुजरात के पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने एम्स में आईपीडी का निरीक्षण किया तथा यहां उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा उपचार सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को भी देखा और उसके विषय में जानकारी की।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार दोपहर द्वारका से हवाई मार्ग से राजकोट पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिले के खंडेरी में परा पिपळिया के पास एम्स को लोकार्पण किया। राजकोट का एम्स गुजरात राज्य का पहला एम्स है और इसके निर्माण पर 1195 करोड़ रुपये की लागत आई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 09° |

**साहिबगंज : अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में सीएम ने 24 हज़ार 5 सौ 32 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र**

# 20 लाख जरुरतमंद लोगों को देंगे पक्का मकान : चम्पाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** वीरों और उलगुलान की इस धरती से आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। इस प्रदेश को इस तरह संवारेंगे कि यहां किसी के साथ कोई भेदभाव और अन्याय नहीं होगा। सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ हक-अधिकार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने वीरों की शहादत ना कभी भूले हैं और ना कभी भूलेंगे। इनका बलिदान व्यर्थ नहीं होंगे देंगे।

**बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्धः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस घर में शिक्षा का दीया जलेगा, वह कभी अंधेरे में नहीं रहेगा। बिना शिक्षा के बेहतर समाज और राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। ऐसे में हमारी सरकार ने राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। अब पैसे के अभाव के कारण अब बच्चों की पढ़ाई नहीं छूटेगी। सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । स्कॉलरशिप की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है । सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं का लाभ अब तक 9 लाख छात्राओं को मिल चुका है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी,प्रदीप यादव एवं दीपिका पांडेय, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे और संताल परगना के आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा साहिबगंज गोड्डा और पाकुड़ के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**2027 तक 20 लाख परिवार का होगा 3 कमरे का पक्का मकान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख गरीब और जरूरतमंद लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का निर्णय लिया है। अबुआ आवास योजना के तहत 2027 तक सभी को पक्का मकान उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। पहले चरण में 2 लाख लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति पत्र और पहले क़िस्त की राशि दी जा चुकी है और 3 महीने बाद एक साथ नौ लाख लाभुकों को को आवास का स्वीकृति पत्र दिया जाएगा।

### 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा 125 यूनिट मुफ्त बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने जा रही है। इस राज्य के लगभग 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इससे पहले 100 यूनिट मुफ्त बिजली मुफ्त दी जा रही थी लेकिन यहां के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में देखते हुए इसमें इजाफा करने का निर्णय लिया गया।

### 24 हजार 5 सौ 32 लाभुकों को आवास का मिला स्वीकृति पत्र

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर साहेबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिला के 24 हज़ार 5 सौ 32 परिवार को आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जिसमें साहेबगंज के 7911, पाकुड़ के 6649 और गोड्डा जिला के 9972 लाभार्थी हैं। इन सभी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले क़िस्त के रूप में 73 करोड़ 59 लाख 60 हज़ार रूपए की राशि का मुख्यमंत्री ने हस्तांतरण किया।



**9 लाख छात्राओं को अब तक मिल चुका है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं का लाभ**

# प्रधानमंत्री ने झारखंड में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पीएम-अभिम कार्यक्रम अंतर्गत झारखण्ड में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजना का रविवार 25 फरवरी 2024 को ऑनलाईन उद्घाटन किया। ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन रिम्स के शैक्षणिक भवन में किया गया था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राज्य के देवघर जिले में तीन सी.एच.सी. सारठ, पी.एच.सी. सोनाराई थारही, पी.एच.सी. मारगो मुण्डा का भी उद्घाटन किया। आधारशिला परियोजनाओं के तहत दो बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालयों का उद्घाटन - दुमका फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज दीघी एवं कोडरमा मेडिकल कॉलेज झूमरी तिलैया में किया गया। आधारशिला परियोजनाओं के तहत सी.सी.बी. - 50 बिस्तरों का सी.सी.बी. गढ़वा सदर अस्पताल में, 100 बिस्तरों का सी.सी.बी. गिरीडीह सदर अस्पताल में, 50 बिस्तरों का सी.सी.बी. रांची सदर अस्पताल में, 50 बिस्तरों का सी.सी.बी. हेतु पाकुड सदर अस्पताल में उद्घाटन किया गया। बन्ना गुप्ता, मंत्री स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड ने राज्य के हित में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि हमें तत्परता के साथ कार्यों को करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है । उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान रिम्स के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने जिस तरह अपनी सेवा दी उसकी कितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है और भविष्य में भी यहां सुविधाएं बेहतर की जाएगी और खासकर गरीब मरीजों को बेहतर इलाज दिया जाएगा द्य डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, और सभी को उनसे आशाएं भी बहुत होती हैं । इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, विधायक सीपी सिंह, कुमार राहुल आईटीएस निदेशक चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार , अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग , झारखंड, रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार, निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह विद्यानन्द शर्मा पंकज, अपर अभियान निदेशक एनएचएम झारखंड तथा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# बिना ड्राइवर के 84 किलोमीटर तक दौड़ती रही ट्रेन, जांच के आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ रेलवे स्टेशन पर रुकी एक मालगाड़ी अचानक पठानकोट की ओर चल पड़ी. यह ट्रेन ढलान के कारण बिना ड्राइवर के चलने लगी थी, जिसके बाद बिना ड्राइवर के ट्रेन करीब 84 किलोमीटर तक दौड़ती रही. इस घटना से रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया.आनन-फानन में कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन को पंजाब के मुकेरियां में ऊंची बस्सी के पास रोका गया. जम्मू के डिवीजनल ट्रैफिक मैनेजर का कहना है कि इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है. जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह की है. जम्मू के कठुआ में ड्राइवर ने मालगाड़ी संख्या 14806आर को रोका था. यहां ड्राइवर ट्रेन से उतरकर चाय पीने चला गया. इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी और स्पीड पकड़कर दौड़ने लगी.कठुवा रेलवे स्टेशन के करीबी सूत्रों का कहना है कि मालगाड़ी कंक्रीट लेकर जा रही थी. यह कंक्रीट कठुआ से लोड किया गया था. जब चालक और सह-चालक चाय के लिए रुके तो इंजन चालू था. उसी बीच सुबह ट्रेन अचानक चल पड़ी. सूत्रों का कहना है कि ट्रेन से उतरने से पहले ड्राइवर ने हैंडब्रेक नहीं खींचे थे.इसके बाद जब ड्राइवर ने देखा कि ट्रेन चल पड़ी है तो उसके होश उड़ गए. मामले की जानकारी रेलवे के उच्चाधिकारियों को दी गई. इसके बाद ट्रेन को रोकने के प्रयास किए गए.



# देवघर में केंद्रीय मंत्री ने किया पीएनजी प्रोजेक्ट का उद्घाटन

## ■ गोड्डा-दुमका में एचपीसीएल गैस नेटवर्क का आधारशिला भी रखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस व आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पीएनजी और सीएनजी के लिए गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल के गैस नेटवर्क की आधारशिला रखी। साथ ही देवघर,झारखंड में सिटी गैस वितरण परियोजना के तहत इंडियन ऑयल के पीएनजी का उद्घाटन किया। लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल का दूरदर्शी गैस नेटवर्क छह जिलों में 14507 वर्ग किमी के विशाल विस्तार को कवर करता है। साथ ही 14 लाख से अधिक घरों के जीवन को प्रभावित करता है। 1750 करोड़ रुपए के निवेश की यह महत्वपूर्ण परियोजना गोड्डा, दुमका, पोरियाहाट, शिकारीपाड़ा, जरमुंडी, महगामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिटिपारा और साहिबगंज जैसे क्षेत्रों में नई जान फूंक देगी। 370 किमी स्टील और पर्याप्त एमडीपीई से युक्त मजबूत गैस नेटवर्क घरों को पाइप गैस कनेक्शन प्रदान करेगा, जबकि योजना में 100 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना शामिल है। जिससे टिकाऊ परिवहन समाधान के एक नए युग की शुरुआत होगी।देवघर में इंडियन ऑयल की पीएनजी परियोजना 6 लाख से अधिक घरों को पहुँचती हुई 6264 वर्ग किमी में तीन जिलों को कवर करती है। 303 करोड़ रुपए के निवेश के साथ यह परियोजना 350 किमी एमडीपीई नेटवर्क के माध्यम से 2027 तक 30,000 परिवारों को जोड़ने के लिए तैयार है। संथाल परगना डिवीजन के तहत देवघर पीएनजी को अपनाने वाला पहला जिला बन गया है। जो ऊर्जा पहुंच और स्थिरता की दिशा में एक गहन बदलाव की शुरुआत है।



# कुडमी हुंकार महारैली में हजारों लोग हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रविवार को टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में टोटेमिक कुरमी/कुडमी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया, महारैली की शुरुआत कुडमाली नेगाचारी से भुंई पुजा और झंडा गड़ी करके किया गया। इस महारैली में झारखण्ड के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर नाच, पता नाच,नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजे -बाजे के साथ रांची के मुख्य पथ से गुजरते हुए मोरहाबादी पहुँचें ,महारैली को देखते हुए राजधानी में व्यवस्था को संभालने के लिए समाज के 5000 वालंटियर चौक - चौराहा में तैनात थे जो ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे, इस दौरान टोटेमिक कुरमी/कुडमी( महतो ) समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि ये महारैली टेलर है, केंद्र सरकार अविलंब टोटेमिक कुरमी/कुडमी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करें नही तो आगामी चुनाव में पूरी फिल्म दिखा देंगे, उन्होंने कहा कि इस महारैली को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कुडमी समाज न सिर्फ गोलबंद हुआ है बल्कि इस महारैली में अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी किया है, कहा कि राज्य में 30 विधानसभा एवं 7 लोकसभा में कुरमी महतो समाज का वोट निर्णायक भूमिका निभाता है ।



# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 9 की मौत, 18 झुलसे


एजेंसी

**कौशाम्बी :** कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के पटाखा फैक्टरी में रविवार को सुबह विस्फोट हो गया। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जन भर से अधिक लोग झुलस गए हैं। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।विस्फोट के बाद आग लग गई। राहत और बचाव कार्य में पुलिस और फायर ब्रिगेड के लोग जुट गए। पटाखे के टुकड़े कई किलोमीटर दूर तक उड़कर पहुंच गए।पटाखा फैक्टरी खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली की बताई जा रही है। शराफत अली न्यू रंगोली फायरवर्क्स के नाम से पटाखा फैक्टरी चलाते हैं। हादसे में फैक्टरी मालिक शराफ के एक बेटे के भी मौत की सूचना मिल रही है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने अभी तक कुल 9 लोगों के मौत होने की पुष्टि की है। मौके पर एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर भी मौके पर पहुंच गए। एक मृतक शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ की पहचान हो पाई है। घायल बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल, कौशल अली और शराफत अली को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इस हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इसके जांच के आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के समुचित इलाज के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

# इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोलियों से भूनकर हत्या, गनमैन की भी मौत, दो घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी समेत चार को गोलियां मारी गई। उनकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। चारों को शहर के ब्रह्मगक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां नफे सिंह राठी समेत दो की मौत हो गई। गाड़ी की खिड़कियों में भी कई गोलियों के निशान हैं। अंधाधुंध फायरिंग के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, हमला पूरी प्लानिंग के तहत किया हुआ प्रतीत हो रहा है। तीन सुरक्षा कर्मियों को भी कई गोलियां लगी हैं। बराही फाटक के पास की घटना है। हमलावर आई-10 गाड़ी में सवार होकर आए थे।नफे सिंह राठी को गोलियां लगने की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली लोग अस्पताल के बाहर जुट गए। अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग पहुंचे। नफे सिंह राठी समेत दो की मौत हो गई है।हरियाणा आईएनएलडी प्रमुख नफे सिंह राठी पर हमले की सूचना पर झज्जर एसपी अर्पित जैन ने कहा,हमें फायरिंग की एक घटना की सूचना मिली। सीआईए और एसटीएफ की टीमें काम कर रही हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोली मार कर हत्या करने का समाचार बेहद दुःखद है। यह प्रदेश की कानून व्यवस्था को दर्शाता है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। प्रदेश में आज कोई भी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। दिवंगत आत्मा को मेरी श्रद्धांजलि व परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवारजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हमले में घायल हुए सुरक्षाकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।



दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार ह्रदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

## झामुमो कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल



**बिशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड में विधायक भानु प्रताप शाही को पहुँचते ही भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया । माननीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा आयोजित 51असहाय बहनो की शादी की अंतिम तैयारी को लेकर बिशुनपुरा आये थे इसी क्रम में अमहर पंचायत अंतर्गत महुली खुर्द वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नन्दलाल चंद्रवंशी, विनायक दुबे अपने समर्थकों के साथ झामुमो कों छोड़कर भाजपा ज्वाइन किये वहीं महुली कला से से रामबरत चंद्रवंशी, तपसी राम, परिखा पाण्डेय भी भाजपा ज्वाइन किये । सभी विधायक भानु प्रताप शाही पार्टी का अंग वस्त्र और माला पहनाकर पार्टी में सभी स्वागत किये । विधायक भानु प्रताप शाही ने बताया की निश्चित रूप से आप सभी के पार्टी में आने से भाजपा कों मजबूती मिलेगी और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड जीत मिलेगी । मौके पर मण्डल प्रभारी कृपाल सिंह,विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा,विधायक प्रतिनिधि सह अनुसूचित जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित,मण्डल उपाध्यक्ष अशोक मेहता,भाजपा नेता कुंदन चौरसिया, मुन्ना सिंह, सुधीर पाण्डेय उर्फ़ मंटू पाण्डेय,जय सिंह, कामख्या नारायण सिंह, राम अवध सिंह,विकास चंद्रवंशी,रविंद्र प्रताप देव, रामलखन मेहता, अनिरुद्ध मेहता, मुकेश पासवान, संतोष गुप्ता, रंजीत पासवान,पवन चंद्रवंशी, बिनोद चंद्रवशी, जवाहर सिंह, मुकेश बियार, अमानत अंसारी,राजेंद्र प्रसाद, संजय यादव, उमाकांत पाण्डेय, बिष्णुदेव पाण्डेय,सतेंद्र यादव, सुरेंद्र बैठा,शिव प्रसाद चंद्रवंशी, मनिधर प्रसाद गुप्ता, शम्भूनाथ यादव, अखिलेश मेहता, रामअवध साह, राम महेश मेहता कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## भाजपा पिपरा ने लाभार्थी योजना कार्यशाला का किया आयोजन



**पिपरा पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के निर्देश पर लाभार्थी योजना कार्यशाला का प्रखंड अध्यक्ष संजय मेहता की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में पार्टी विस्तारक राजेश कुमार यादव भी उपस्थित थे. उन्होंने मंडल के लोगों को प्रोत्साहित किया और पार्टी बूथ स्तर पर कैसे मजबूत होगी इस बिंदु पर पार्टी के कार्यकर्ताओं से चर्चा की. सभी कार्यकर्ताओं ने शपथ लिया कि अब तीसरी बार मोदी सरकार को लाकर ही दम लेंगे. इस मौके पर महामंत्री चंदन सिंह हरिओम सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल प्रजापति महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष बिंदेश्वर पाठक कपिल देव राय श्याम देव पासवान उदय सिंह सहेंद्र दुबे प्रमिला देवी तेतरी देवी कलावती देवी गायत्री देवी अनीता देवी मंजू देवी शिव कुमारी देवी अरवा देवी नागेश्वर तिवारी ललन पासवान प्रयाग राम अभिनव कुमार मनोज सिंह पंचम सिंह संजय सिंह मनोज सिंह संतोष यादव पुरुषोत्तम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत रविदास समान मानव मूल्य के पहले प्रवर्तक थे : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के रामबीघा,तिवारीबीघा, सीढ़ापर, पोलडीह, घुरुआ मझौली, झरगड़ा, अलीमदद, दुलहर भदईपर,सहित दर्जनों गांवों में आयोजित संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जन्म जयंती समारोह में भाग लिया। कर्नल संजय ने कहा कि तकरीबन पंडालों में वहां के आयोजकों द्वारा फोटो पर सादगी से संत रविदास के दोहे और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों पर चर्चा परिचर्चा का कार्यक्रम अनुकरणीय है।उन्होंने आगे कहा कि संत रविदास मध्यकालीन भारत के एक दलित परिवार में जन्म लेकर हिंदू समाज में बढ़ रहे रूढ़िवादी और ढोंगी सोच के साथ साथ जाति प्रथा जैसे नकारात्मक सोच को लगाम लगाने का प्रयास किया जिसके चलते इन्हे संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। उन्होंने लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान उनके साथ गणेश राम मनोहर सिंह मनोज शर्मा मनोज सिंह सुभाष कुमार ज्ञानू सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# स्वीप कार्यक्रम : वॉकथॉन का हुआ आयोजन

## समाहरणालय परिसर से पैदल पुलिस लाइन मैदान तक पहुंचे डीसी व एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने व इसके लिये सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,एसपी रिष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आंनद व अन्य ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया.वॉकथॉन को रवाना करने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इसमें शामिल हो गये व वॉकथॉन में शामिल अन्य पदाधिकारियों,स्कूली बच्चों,विभिन्न सामाजिक संगठनों व भारी संख्या में आमजनों संग कचहरी,छः मुहान चौक,हॉस्पिटल चौक,साहित्य समाज चौक होते हुए पैदल ही पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचे.इस दौरान पूरा शहर चुनाव का पर्व देश का गर्व,उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है,सबका यह अरमान है,सबको करना मतदान है,आपका वोट आपका भविष्य जैसे नारों से गूंजता रहा.सभी युवा व स्कूली बच्चे अपने हाथों में प्लेकार्ट्स लिये सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की.



**पुलिस लाइन ग्राउंड में डीसी-एसपी ने हवा में गुब्बारा उड़ा मतदाता जागरूकता का दिया संदेश**

समाहरणालय परिसर से पुलिस लाइन मैदान पहुंचे डीसी-एसपी समेत अन्य पदाधिकारीयों ने हवा में गुब्बारा उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया इसके बाद मौके पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा का शपथ भी दिलाया गया जिसके बाद सभी अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित स्कूली बच्चों से इलेक्शन से जुड़े विभिन्न सवाल जवाब किया व सवालों के सही जवाब देने वालों बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया.

**इस बार 80 पार संकल्प के साथ आप सभी मतदान करने जाए : उपायुक्त**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने इंस्टाग्राम पर रिल्स व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की.उन्होंने सभी से अबकी बार 80 पार के संकल्प के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग की मांग की.उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सकारात्मक असर दिखता है जो लोगों के बीच वोट डालने की क्यूरियोसिटी बढ़ाने में मदद करता है.उन्होंने कहा हमारे वोट से ही हमारे देश व राज्य का भविष्य तय होता है इसलिए मतदान हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है.उन्होंने कहा कि वोट हमें समानता का अधिकार भी देता है.उन्होंने मौके पर मौजूद सभी युवाओं से खुद मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया.उन्होंने कहा कि मतदान के दिन जो दिव्यांग मतदाता व फर्स्ट टाइम वोटर जो अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान करने पहुंचेंगे उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा.मौके पर उपरोक्त के अलावे हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवार,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी,लायंस क्लब से जुड़े लोग,विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग समेत बड़ी संख्या में शहर वासी उपस्थित रहे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सत्यानु शरण ग्रंथ ,नारी नीति ग्रंथ,शाश्वती ग्रंथ का पाठ व समवेत नाम जप किया गया.सत्संग में उपस्थित धृतिसुन्दर लाल,अनिता देवी,गीता देवी व निर्मला जायसवाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया. इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि आज माघ पूर्णिमा व संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती है,जो विभिन्न स्थानों पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है.लोग गंगा, यमुना ,सरस्वती नदी में स्नान कर दान पुण्य करते हैं.सत्संग में सभी देवी देवता उपस्थित रहते हैं.उन्होंने संत शिरोमणि रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि संत व्यवहारिक होते हैं.संत रविदास द्वारा रचित÷तुम चंदन हम पानी भजन को गाते हुये कहा कि ईश्वर स्वामी होते है और संत एक दास होते हैं.ईश्वर का नाम हीरा है और उस नाम को जपने से मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है.उन्होंने कहा कि जो मनुष्य ईश्वर के नाम पर विश्वास नही करता है,वह यमपुरी में निवास करता है.ईश्वर नाम मनुष्य को तीक्ष्ण बनाता है.कलयुग में ईश्वर नाम सर्वोपरि है.उन्होंने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर उनके द्वारा सतनाम ग्रहण करना मनुष्य का कर्तव्य है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर मे शाश्वती पत्रिका का पाठ होना चाहिये.सत्संग के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया. सत्संग में ब्रजेश तिवारी, अजय दा, भागीरथी दा, शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, गोविन्द दा, राहुल कुमार, भोला प्रसाद, राकेश कुमार, देवशरण, पप्पू, श्रीकांत, विमला देवी, बबिता सिंह, पूजा देवी, वृंदा देवी, सीमा, दीपमाला, किरण देवी, प्रभा देवी, चंचला गुप्ता, राजकुमार, विजय, श्रेया, लक्ष्य, धृतिदीप्त सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।



## संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के करकटा, चराई टू, लक्ष्मीपुर ,हरिना ,नीमा, खैरादोहार, पिछुलिया सहित दर्जनों गाँव मे संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह भव्य तरीका से मनाई गई। मुख्य रूप से हरिना गांव मे रविदास जी के चित्रों पर मालायर्पण सहित पूजा अर्चना धूमधाम से की गई और रविदास जयंती के उपलक्ष्य पर मिशन गायक राजकुमार यादव और कंचन काजल बौद्ध के द्वारा मिशन गीत संगीत एक से एक पेश किया और श्रोतागण की रात भर झूमने के लिए मजबूर किया । वही मौके पर पूर्व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण कुमार मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए कहा कि रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और विशिष्ट अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता गरीबन दास भी कार्यक्रम के अपनी विचार रखा। मौके पर विशुनपुर पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती,रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री रामगोविंद राम शिक्षक,उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक,वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार,पत्रकार विश्वप्रेम कुमार -पप्पू यादव ,नरेन्द्र राम शिक्षक,बसपा के छतरपुर -पाटन विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू ,समिति के अध्यक्ष चंद्र देव राम,उपाध्यक्ष भोली भोली राम , समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार ,मुख्य संरक्षक मिथलेश कुमार शिक्षक,पंचयात समिति के प्रतिनिधि जनेश्वर राम शिक्षक,बसपा के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी,नवीन कुमार शिक्षक समेत काफी संख्या मे मौजूद थे।



## पूर्व मंत्री चंद्रवंशी ने टु लाइन रोड का रखा आधारशिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित आज दिन रविवार को विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत गुरहा पंचायत में, टु लाइन रोड मुख्य पथ से मुरमा खुर्द होते हुए रेलवे लाइन तक पीसीसी पथ का शिलान्यास भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्री वर्तमान विधायक श्री चंद्रवंशी के कर कमलों द्वारा किया गया, यह रोड शीला न्यास होने पर क्षेत्रीय लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। वही शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित श्री चंद्रवंशी ने अपनी बात रखते हुए बोला क्षेत्र की विकास तेजी से हो रही है, मेरे द्वारा क्षेत्र में आनेको जन उपयोगी कार्य कराई गई है जिससे आम जनता लाभान्वित है, शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित, विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, ज सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शिव वंश मिश्रा, विकास चौबे, राधेश्याम चौधरी, शिव चौधरी व्यास, चुना चंद्रवंशी, विनोद पासवान, रामानंद तिवारी, पंकज तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी सभी ग्रामीण जनता भाजपा कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## संत रविदास का जीवन हमारे लिए प्रेरणा श्रोत : लवली गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** क्षेत्र के ग्राम लुकुआ, लोहरसी, गणेशपुर,पगार, बचदोहर। कोनवाई, मे संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पांकी पूर्वी पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेत्री श्रीमती लवली गुप्ता मौजूद थी। उन्होंने संत शिरोमणि रविदास जी व बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 15 वीं सदी के सतगुरु रविदास जी भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक थे जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा मे पिरोने का कार्य किया।वे सिर्फ कवि ही नहीं बल्कि महान समाज सुधारक दार्शनिक भविष्य दृष्टा जैसी अनेक विशेषताओं से विभूषित थे।उनके व्यक्तित्व को एक जाति विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता है संत रविदास को जयदेव नामदेव और गुरु नानक जैसे महान संतों की अविरल परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में जाना जाता है ।संत रविदास भक्ति भाव और सदाचार के महत्व पर जोर देते रहे। वे मनुष्य के जन्म की सार्थकता पर विश्वास रखते थे। संत रविदास ने अपनी अनेक रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी लोकवाणी में अद्भुत प्रयोग से मानव धर्म और समाज पर अमिट प्रभाव पड़ा जिसका असर आज भी देखने को मिलता है ।रविदास जी कहते हैं कि ऐसा चाहू राज मै मिले सभी को अन्न छोट बड़े सब सम बसें रविदास रहे प्रसन्न। उनकी इन पंक्तियों में मानवता के प्रति प्रेम भावना को समझा जा सकता है रविदास जी से जुड़ा एक बहुत प्रचारित वाक्य मन चंगा तो कठौती में गंगा है जिसका अर्थ है यदि मन लोभ लालच से भरा है तो पुण्य कर्मों का कोई महत्व नहीं है ।उनका जन्म काशी काशी में माघ पूर्णिमा के दिन रविवार को सन 1398 को हुआ था।उन्होंने समाज को संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति जन्म के आधार पर श्रेष्ठ नहीं होता। श्रीमती गुप्ता ने उपस्थित लोगों को शिक्षा पर बल देने की बात कही। कहा कि आज अगर आप अपना विकास चाहते हैं तो सबसे सबसे पहले शिक्षित होइए क्योंकि बाबा साहेब जी ने कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह गुर्राए बिना नहीं रहेगा। अर्थात अपने हक अधिकार को जानना है समझना है तो सबसे पहले शिक्षित होना होगा। समाज को नशा से मुक्त करना होगा। वहां उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनके हर सुख दुख में वह सभी के साथ खड़ी हैं ।वह उनके द्वारा दिए गए जनसमर्थन को कभी नहीं भूलेंगे। उनके सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। देश विदेश से आए रविदासिया संगठन के कई धर्म गुरुओं के प्रवचन कार्यक्रम में लोगों को जात पात और छुआछूत से ऊपर उठकर समाज में समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जी ने एक समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी ऊंच-नीच जाती पाती छुआछूत को समाज से ऊपर उठाकर समाज को एक सूत्र में बांधना चाहते थे । मौके पर अध्यक्ष राजन राम सचिव आशीष राम कोषाध्यक्ष बीरबल रवि समाज सेवी रामराज सिंह, उपेंद्र गुप्ता, अनुप गुप्ता, गन्नू यादव मनदीप मेहता, वार्ड सदस्य पानपति देवी पुजारी संजीवन राम सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नागेश्वर राम ने किया।



# पिपरा के कई गांवो में मनाया गया संत शिरोमणि रविदास जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र मे बीती संध्या अखाड़ापिपरा सकलदीपा श्रीपालपुर बनाही सहित कई अन्य गांवो में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का647 वां जयंती समारोह मनायी गई. समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह उपमुखिया विजय राम एवं डॉ विजय कुमार मेहता ने कई कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे समाज को मिलजुल कर रहना चाहिए तभी क्षेत्र का विकास होगा. ग्राम बनाही में अरुण कुमार का कार्यक्रम को आयोजित करने में विशेष प्रयास रहा. वही ग्राम अखाड़ा पिपरा में अरमोद राम भीम कुमार सूर्यकांत कुमार अवधेश राम जेई चंद्रकांत कुमार के प्रयास से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर कपिलदेव राम प्रो रामजी राम हरिदर्शन कुमार अमित कुमार विकी सुखदेव राम किरण राम समीर संतोष सुमित राजा बाबू उज्जवलकांत सूरज राहुल गोलू रवि रोशन साहित सैकड़ो लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे वही ग्राम बभंडी में कार्यक्रम का अध्यक्षता अशोक कुमार संचालन राजकुमार गौतम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन किरण प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित नागेंद्र प्रसाद के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवनी पर चर्चा किया गया.गुरु रविदास जी हमेशा समाज को एकजुट होकर चलने का रास्ता दिखाया है, इस मौके पर विधायक प्रत्याशी शेर अली खान भी उपस्थित थे. सभी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम मे नरेश राम, बिट्टू कुमार, विकास कुमार ,सोनू ,विकास ,उपेंद्र राम ,छोटू कुमार ,पुरुषोत्तम कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोगिनी कंचन दीदी,निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार,प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम ,सद्भावना भवन के संचालक बीके नीरज आदि ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोगिनी कंचन दीदी ने कहा कि ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर मनुष्य आत्माओं को देव तुल्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमपिता ने इस संसार में सभी को जिम्मेदारियां निर्धारित करके भेजा है।ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनें समाज को सही रास्ते पर चलने व शांति से रहने की शिक्षा देने की जिम्मेदारी निभा रही हैं।उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि भारत के अधिकांश हिस्सों में सर्दियों की समाप्ति और गर्मी के आगमन पर आती है। महाशिवरात्रि, इस प्रकार अज्ञानता के अंधकार के अंत का और ज्ञान का मार्ग खोलने की भी प्रतीक है। जीवन के उच्च आदर्शों की तलाश करने वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज विश्व पहले की तरह संघर्षों में बंटा तो हुआ ही है साथ ही यह एक अभूतपूर्व पारिस्थितिक संकट का भी सामना कर रहा है। प्रकृति माता और उसके सभी बच्चों के साथ सामंजस्य बनाते हुए एक संतुलित और करुणापूर्ण जीवन की पहले कभी इतनी आवश्यकता अनुभव नही की गई जितनी आज की जा रही है। यह महाशिवरात्रि हमारे अंदर के अंधकार को दूर करे और हम सभी को अधिक पूर्ण और समृद्ध जीवन की ओर ले जाए।मौके पर संस्था की संचालिका बीके नीलम,बीके पूनम, बीके नम्रता,बीके धीरज, डॉ0 शिवकुमार विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु मौजूद थे।




उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव



संकल्प नये उत्तराखण्ड का



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# आगे बढ़ता उत्तराखण्ड

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देश व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।

- वर्तमान सरकार के कार्यकाल मे माह सितम्बर 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा 1275 किमी मार्गो का नवनिर्माण, 2063 किमी0 लम्बाई में पुनः निर्माण तथा 58 नए सेतुओं का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त 227 ग्रामों को सड़क यातायात से जोड़ा गया। पूर्व निर्मित पक्के मोटर मार्गों में कुल 3047 किमी मार्गों का नवीनीकरण कार्य किया गया।
- जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत लक्ष्मणझूला सेतु के समीप 132.30 मीटर स्पान के वैकल्पिक सेतु (बजरंग सेतु) का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- ऑल वेदर रोड़ परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत 737 कि.मी. लम्बाई के विरुद्ध 671 कि.मी. लम्बाई में कार्य गतिमान है। जिसके अन्तर्गत वर्तमान तक 597 कि.मी. लम्बाई में 02 लेन चौड़ीकरण एवं 574 कि.मी. लम्बाई में सतह लेपन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है, शेष कार्य प्रगति पर है। चारधाम परियोजना के अन्तर्गत कुल प्रदत्त स्वीकृति लागत ₹9399.45 करोड़ के सापेक्ष वर्तमान अवधि तक कुल ₹6810.49 करोड़ का व्यय किया जा चुका है।
- मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित 975 अमृत सरोवरों के लक्ष्य के सापेक्ष 1239 सरोवरों को पूर्ण किया गया है जो 127% है।
- लखपति दीदी योजना। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये विजन 2025 तक स्वयं सहायता समूह की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जायेगा। इसी क्रम में यू.एस.आर.एल.एम द्वारा समूहों की 40270 सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लखपति दीदी के रूप में तैयार किया है व वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50000 दीदीयों को लखपति दीदी के रूप में तैयार किये जाने का लक्ष्य है जिसकी प्रक्रिया गतिमान है।
- महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अन्तर्गत रक्षा बन्धन के सुअवसर पर महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन हेतु राज्य में 337 स्टाल लगाकर सामग्री का विपणन कराया गया। जिससे महिलाओं द्वारा ₹57.16 लाख की सामग्री विपणन कर अपनी आजीविका में वृद्धि की गयी।
- वाईब्रेन्ट विलेज कार्यक्रम - इस महत्वकांक्षी योजना के तहत उत्तराखण्ड के तीन सीमान्त जनपद क्रमशः उत्तराकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ़ के कुल 05 विकासखण्डों के 51 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। इसके अन्तर्गत समस्त चिन्हित गांवों की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। जिसमें एक ओर सभी गाँव को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने की प्राथमिकता दी गयी है, वहीं दूसरी ओर पर्यटन सुविधाओं का विकास, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण सतत आजीविका कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के माध्यम से लगभग ₹755 करोड़ से अधिक लागत की 500 से अधिक योजनाओं को प्रस्तावित कर इन गाँवों में वाईब्रेन्सी लाते हुए अधिकाधिक परिवारों को बसाया जायेगा।



RO2024022421915

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK UttarakhandDIPR

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## आवास बचाने के लिए 28 को धरना देगा एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के सेवानिवृत सीमेंट कामगार कारखाना प्रबंधन के मंसूबे को नाकाम करने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हो गए हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को खलारी के गुलजारबाग कालोनी में एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ की बैठक की गई. अध्यक्षता सागर गोप ने किया. बैठक में तय हुआ कि प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. इसी कड़ी में आगामी 28 फरवरी को खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष आहूत एक दिवसीय धरना को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया. सेवानिवृत कामगारों ने कहा कि एक तरफ केन्द्र व राज्य सरकार गरीबों को घर देने के लिये योजनाएं लाकर युद्ध स्तर पर कार्य करा रही है. वहीं खलारी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन चार-पांच दशक से रह रहे सेवानिवृत कामगारों को बेघर करने पर षड़यंत्र रच रही है. कामगारों ने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन खुद को एसीसी कंपनी का उत्तराधिकारी घोषित करते हुए सरकार की लीज भूमि का व्यवसायीकरण कर लाभ कमा रही है और सरकार को राजस्व की हानि पहुंचा रही है. कहा गया वे एसीसी के कामगार थे. एसीसी होती तो सीमेंट वेजबोर्ड के तहत वेतन मिलता. रिटायरमेंट के बाद 20 लाख से अधिक ग्रेच्यूटी मिलता.परंतु दुर्भाग्यवश एसीसी कारखाना बेच दी और कामगारों के साथ उनके बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया. सामंतवादी मानसिकता वाला खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन सेवानिवृत कामगारों को कानूनी पेंच में फंसाकर बेघर करने पर तुला है.संघ ने राज्य सरकार से गुहार लगाया है कि एसीसी लीज भूमि पर बसे सेवानिवृत कामगारों व उनके आश्रितों के आवास को छिनने से रोके तथा जिस आवास में वे रह रहे हैं उसका स्वामित्व देने का पहल करे. उपस्थित लोगों ने एकजुट रहने का संकल्प लिया. बैठक का संचालन योगेश्वर राम ने किया. बैठक में मुख्य रूप से रामप्रीत यादव, खड़ग सिंह, मंगल सिंह, मखन राम, पलटू, रामनाथ राम, पलटन उरांव, रामविलास राय, मंगल मुण्डा, आरती देवी, नंदी कुमारी, सोनी देवी, प्रीतम देवी, मुक्ता देवी, अजवंती समाड, सीमा जामुदा, मनोज चौहान, शिवलाल, रोहित कुमार, लक्ष्मी देवी, सुकरी देवी, संगीता देवी, शशि बहादुर सहित अन्य कामगार व उनके आश्रित शामिल हुए.

## होयर चूरी में बन रहे पीसीसी पथ में नहीं रखा जा रहा गुणवत्ता का ख्याल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के होयर चूरी में निर्माणाधीन पीसीसी पथ में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है. पथ का निर्माण डीएमएफटी (जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से किया जा रहा है. खलारी प्रखंड के चूरी दक्षिणी पंचायत के होयर ग्राम में 1800 फिट पीसीसी सड़क का निर्माण जिला परिषद, रांची के द्वारा कराया जा रहा है. स्थानीय मुखिया मलका मुंडा सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पथ निर्माण में गुणवत्ता तथा मानदंडों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है.पीसीसी से पहले आधार तैयार करना होता है.इसके लिए जिन पत्थरों को बिछाया गया है वह मानदंड के अनुरूप नहीं हैं. पत्थरों के बीच भरने के लिए जिस मैटेरियल का इस्तेमाल किया गया है वह भी प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है.ग्रामीणों का कहना है कि कंक्रीट बिछाने में भी अनियमितता बरती जा रही है. प्राक्कलन के अनुरूप पथ की मुटाई नहीं है. ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद प्रखंड के सुदूर गांव के इस सड़क का निर्माण हो रहा है. ग्रामीणों ने विभाग के संबंधित अधिकारी से गुहार लगाते हुए मांग किया है कि इस सड़क के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें.

## केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करेंगे खलारी भाजपा कार्यकर्ता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे 'लाभार्थी संपर्क अभियान' को लेकर भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की एक बैठक खलारी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में की गयी. अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की. बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष रांची महानगर केके गुप्ता व कार्यक्रम के मंडल संयोजक खलारी मंडल उपाध्यक्ष दिनेशप्रसाद गुप्ता उपस्थित थे. केके गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पत्रक देने का आग्रह किया. बताया कि कार्यक्रम 1 मार्च से 4 मार्च तक पूरे देश में चलाया जाएगा.बैठक का संचालन मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा महामंत्री रितेश केसरी ने किया. बैठक में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, श्यामसुंदर सिंह, भरत रजक, प्रीतम साहू, आनंद सिंह, किरण देवी, सिन्नी समाड, आनंद सिंह, नागदेव सिंह, कुलदीप लोहरा, शत्रुंजय सिंह, प्रदीप ठाकुर, कमलेश महतो, संजीत तुरी आदि उपस्थित थे.

## आधुनिक सुविधा से लैस होगा सिल्ली एवं मुरी स्टेशन : विनय महतो धीरज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री मोदी आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सिल्ली और मुरी स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे।उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली स्टेशन परामर्शदातृ सलाहकार समिति के सदस्य विनय महतो धीरज ने कही। विनय महतो धीरज ने बताया कि रांची रेल मंडल के 14 स्टेशनों का पुनर्विकास और 12 रेल ओवर ब्रिज व अंडरपास का ऑनलाइन शिलान्यास किया जाएगा जिसमें सिल्ली और मुरी स्टेशन भी शामिल है।उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन के तहत नये प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय,लाउंज, कैफेटेरिया व शौचालय निर्माण , पार्किंग, वाई-फाई,एल?इडी लाईट आदि का प्रावधान है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सिल्ली एवं मुरी स्टेशन को शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सांसद संजय सेठ के प्रति आभार जताया है।

## मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**हिरणपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चौकीढाब गांव में रविवार को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं के द्वारा कलश लेकर गांव परिक्रमा किया गया। इस दौरान भगवा पताका लिए श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव की उद्घोष की गई। जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में दो मार्च तक वृंदावन से आए संजय कृष्ण जी महाराज द्वारा भागवत कथा की जाएगी। भागवत कथा सह शिव मंदिर परिवार के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद आज भव्य रूप से भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वहीं शाम से भागवत कथा प्रारंभ होगी। मौके पर गुरुदयाल साहा, राजेंद्र साहा, नारद साहा, उमाशंकर साहा सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## तिलयपाड़ा का आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर

**अमड़ापाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डूमरचीर पंचायत के तिलयपाड़ा संथालीटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति जर्जर है। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छोटे-छोटे बच्चे केंद्र आने से डरते हैं । अभिभावक असुरक्षित भवन में बच्चों को भेजना नहीं चाहते। केंद्र के छत से पानी टपकता है। कहीं-कहीं छत सीमेंट और छड़ से अपना संपर्क छोड़ चुका है। छत से सीमेंट और कंक्रीट के टुकड़े भी गिरते हैं। ऐसे में बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्र आने से कतराना स्वाभाविक है। इस संबंध में ग्राम प्रधान रायसन मुर्मू ने बताया कि भवन की हालत ठीक नहीं है। छत टूट चुका है। बर्षात में छत से पानी का रिसाव भी होता है। बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं बैठते । बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर बैठकर पढ़ाई करते हैं ।

# पतराहातू सिल्ली में आदिवासी अधिकार महासम्मेलन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आदिवासी नहीं तो देश नहीं, एक तीर ,एक कमान आदिवासी एक समान के नारे के साथ आदिवासी जन परिषद द्वारा आदिवासी धर्म कोड , आदिवासी के संवैधानिक अधिकार को लागू करने, जमीन लूट एवं आदिवासी के संवैधानिक अधिकार पर हमले के खिलाफ सिल्ली पतराहातू मैदान में आदिवासी अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रेम शाही मुंडा ने आदिवासियों को जागरुक करते हुए कहा कि आज हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री को ईडी ने जमीन के लिए ही जेल भेज दिया। आदिवासी का जमीन और आदिवासी को ही जेल जाना पड़ रहा है,यह कैसा इंसाफ है। कार्यक्रम का अध्यक्षता सिदाम मुंडा एवं संचालन,सावना सिंह मुंडा ने किया। लखी चरण मुंडा ने प्रस्ताव में कहा कि झारखंड ही नहीं पूरे देश में आदिवासियों पर सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक, धार्मिक, रूप से अधिकार पर हमला किया जा रहा है।

संगीता टोप्पो ने कही कि आप अपने धर्म और संस्कृति को पहचाने आप हिंदू नहीं हो आप सारना आदिवासी हो अपने नाम के पीछे देवी लगाना छोड़ दें।

इसके अलावा सेलेना लकड़ा,मीणा बेदिया, सबीना कुमारी राम सिंह मुंडा ,चंद्रकांत सिंह मुंडा ,लालू राम उरांव, बाबुलाल महली ,अर्जुन बेदिया, लखीराम बेदिया, दिनेश बेदिया ,प्रकाश मुंडा आदि ने एक एक करके सम्मेलन को संबोधित किया। आदिवासियों की जमीन ही नहीं रहेगी ,तो आदिवासी बिन जल के मछली की तरह मर जाएंगे।पंच परगना क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन की लूट बढ़ी है जमीन लूटने में भू माफिया, दलाल, अंचल के अधिकारी सादा पट्टा पर फर्जी हुकुमनामा ,फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन से बेदखल कर रहे है। एस ए आर कोर्ट के फैसले में दखल दिहानी दिया जाए। मणिपुर में आदिवासी महिला को निर्वस्त्र घूमना ,सामाजिक रूप से उसके माथे पर पेशाब कर देना, इस प्रकरण को सरकार गंभीरता से ले।आदिवासियों के मान सम्मान की रक्षा हो। खनिज एवं खनन के अधिकार के लिए समता जजमेंट लागू किया जाए ।ग्राम सभा में शक्तियां बहस की जाए। सिंचाई की व्यवस्था किया जाए। छोटा नागपुर कशतकारी नियम 1908 संथाल परगना अधिनियम 1949 एवं पारंपरिक शादी विवाह के नियमों पर सुधार किया जाए। पंच परगना क्षेत्र के बालू घाट के संचालन के लिए ग्राम सभा को शक्ति बहाल की जाए। आदिवासियों के धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए जनगणना प्रपत्र में अलग से आदिवासी धर्म कोड दिया जाए। गैर कानूनी तरीके से आदिवासियों की हड़पी गई जमीन को वापस दिलाया जाए। इस महासम्मेलन में अलग-अलग गांव से सरना झंडा लिए हुए ढोल पातर ढोल, टांगी से फरसा के साथ हजारों की संख्या में पतहारातू का मैदान में जमा हुए थे।

## बड़ाम व सिद्रोल पंचायत में प्रखंड सह अंचल घेराव के लिए हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के अंतर्गत बडाम पंचायत एवं सिदरौल पंचायत में 27-2-2024 दिन मंगलवार को आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बेनर तले निम्नलिखित मुद्दों को लेकर 1 जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र समय से नहीं बनना। 2 पंजी 2 में आनलाइन प्लांट चढ़ाने में मोटा रकम की मांग। 3 अबुआ आवास में गड़बड़ी। 4 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनना। 5 नरेगा योजना में सही समय पर मजदूरों का भूगतान सही समय नहीं होना। 6 कर्मचारियों को पंचायत भवन में बैठाना। इन सभी ज्वलंत को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय को घेराव करने को सही बताते हुए और अपना अधिकार को जागरूक करना है। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, मुखिया नन्हे कच्छप,52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिकी,चामू बेग, ग्राम प्रधान लक्ष्मण लकड़ा, ग्राम प्रधान मोगो भगत,राजू लकड़ा, अंजू लकड़ा, कुलदीप लकड़ा,राजा सिंह,सुनील साहू, बालेश्वर सिंह,तारनीग सिंह, मुखिया लक्ष्मी कुमारी,बडाम मुखिया कृष्णा लोहरा , दिलीप मुण्डा , हेमंत लोहर, ललित लकड़ा,मूनी कच्छप,समाज सेवी जगना लिंडा,बिजय लकड़ा, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने ग्रामीण को कुचल कर मार डाल, शादी के घर मातम में बदला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के हरहंजी खुरहाटोली गांव में शनिवार की रात लगभग 8ः30 बजे एक जंगली हाथी ने 52 वर्षीय मरतू मुंडा को कुचलकर मार डाला। परिजनों ने बताया कि मरतू अपने घर के समीप तलाब के पास गाय बैल बंधा हुआ था जिसे घर लाने के लिए वह 8ः00 बजे रात में गये हुए थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी आ पहुंचा और दौड़ा कर सुड़ से लपेट कर पटक दिया और पैर से कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र रामपाल मुंडा ने बताया कि घर की गाय, बैल हमेशा शाम तक तालाब के बगल में बंधा हुआ रहता है। जिसे शाम में अधिकांश तक पिताजी खोलकर घर लाया करते थे। कल पिताजी घर में बेटी की शादी तैयारी को लेकर बाहर गए हुए थे।



जब वापस घर आए तो गाय बैल लाया नहीं गया था। जिसे लेने के लिए गए थे और इसी दौरान यह घटना घटी. इधर मृतक पुत्री जीतन कुमारी की शादी 27 तारीख को घर में होने वाली थी। जिसकी तैयारी भी घर में चल रही थी बताया जाता है। घटना के बाद घर में शादी समारोह मातम में बदल गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते हैं पंचायत के मुखिया लक्ष्मी, समाज सेवी सुनील कच्छप घटना स्थल पर पहुंचे और वन विभाग व बेड़ो थाने को खबर की। घटना स्थल पर वन विभाग और बेड़ो पुलिस पहुंची। शव की पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी गई। घटना के बाद परिजन रो-रो के बुरा हाल है।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने कुदलुम पंचायत में निकाला पदयात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** झामुमो खूंटी जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद के निर्देशानुसार रविवार को कर्रा प्रखंड के कुदलुम पंचायत मुख्यालय में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज के अध्यक्षता में न्याय पदयात्रा निकाला गया.

जिसमें हेमन्त सरकार की उपलब्धियों को बताने का कार्य किया जा रहा है और लोगों का आपार समर्थन भी मिल रहा है. झारखंड के सभी आदिवासी-मूलवासियों को अब यह समझ में आ गया कि हमें विपक्ष के द्वारा एक षडयंत्र के तहत पड़ताड़ित और कुचलने का प्रयास किया जा रहा और झारखंडीयत को खत्म करने की बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है. इस राज्य को आस्थिर करने की हर प्रकार की साजिश किया जा रहा है जिसे लेकर सभी लोग पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की रिहाई के लिए पूजा, पाठ, प्रार्थना, दुवा कर रहे है.कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य मकसूद अंसारी, केन्द्रीय सदस्य हेमन्त तोपनो,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विजय संगा, कुदलुम मुखिया संदीप हेरेंज, अगस्तमनी मुण्डाइन, सुनिता बारला, मरियम हेरेंज, जिवानी हेरेंज, अरविंद मुण्डा, सबन धान, नवीन कुजूर, दानियल तोपनो, जोहन संगा, असयानी हेरेंज, मोनिका कौवा, एसरन धान, मोनोरिता धान के अलावे आदि के साथ काफी संख्या में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के समर्थक उपस्थित हुए थे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने कर्रा के नए थाना प्रभारी को बुके भेंट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा कर्रा, खूंटी जिला के पदाधिकारियों ने रविवार को कर्रा के नये थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार को बुके देकर स्वागत किया गया.वही थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पदाधिकारियों से आपसी समन्यवक बनाकर काम करने कि बात कही एवं किसी भी तरह समस्या होने पर सम्पर्क करने की बात कही साथ ही पदाधिकारियों से गलत लोगों को बढ़ावा व सहयोग नहीं करने बात कही. इस मौके पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के खूंटी जिला अध्यक्ष बजरंग महतो, घुरन महतो, पारसनाथ महतो, रामसेवक महतो, जितेन्द्र महतो, सुनील महतो, जलेश्वर महतो, आशिष मेहता, राजकुमार महतो, डॉ. श्याम महतो, चन्द्रशेखर महतो के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

# बनई नदी पर श्रमदान कर बनाया गया बोरी बांध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नदी बचाओ अभियान के तहत रविवार को जामटोली-घाघरा गांवों के मध्य बनई नदी पर एक और बोरीबांध का निर्माण गांव के बच्चे-बुढ़े, महिला-पुरूष व युवाओं ने श्रमदान कर किया। गांव के सुखदेव मुंडा की अगुवाई में ग्रामीणों ने बोरीबांध का निर्माण किया। लगभग 300 फीट लंबा बोरीबांध बनाने में ग्रामीणों को तीन घंटे का समय लगा। बांध बनते ही नदी पानी से लबालब भर गया, जिसे देख गांव के लोग काफी प्रसन्न हुए और इस खुशी में देर शाम जामटोली में सामुहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें जामटोली व घाघरा गांव के लोग शामिल हुए। बता दें कि पिछले तीन सालों से बनई नदी पर बोरीबांध बनाकर नदी को बचाने का काम किया जा रहा है। इस वर्ष यह कार्य पूरी तरह सामुदाय के द्वारा आपसी सहयोग के बल पर किया जा रहा है। परिणाम यह है कि नदी के किनारे बसे कई गांवों के लोगों ने बालू के अवैध उठाव पर ग्रामसभा के स्तर से अंकुश लगाया है। वहीं बोरीबांध बनने से आसपास का भूगर्भिय जल स्तर उपर आ रहा है। गर्मी के दिनों में भी लोग खेती करने लगे हैं। चार वर्ष पहले बनईनदी पर स्थित पंचघाघ जलप्रपात सुख जाया करता था, लेकिन अब गर्मी के दिनों में पंचघाघ के झरने बहते हैं। मौके पर उप मुखिया बिरसा मुंडा ने कहा कि नदी के लगातार कटाव से इसका अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। बोरीबांध बनने से मिट्टी का कटाव रूकेगा। आसपास के गांवों में भूगर्भिय जल स्तर उपर आएगा। बसंत मुंडा ने कहा कि जल ही हमारा जीवन है। इस कारण गांव के बच्चे-बुढ़े, महिला पुरूष सबने मिलकर नदी को बचाने का छोटा सा प्रयास किया है। गर्मी के दिनों में यहां नदी सूख जाती थी, लेकिन बोरीबांध बनने के बाद सालों भर नदी में पानी रहता है, जिससे महिलाओं के नहाने-धोने व मवेशियों को पीने के लिए पानी मिलता है। देबी गुड़ी महिला मंडल की दीदी बाल्मिकी देवी ने कहा कि हम महिला समुह के दीदियों ने मिलकर श्रमदान किया, कारण कि नदी को बचाना जरूरी है। जल संरक्षण व नदी बचाना बोरीबांध बनाने का मुख्य उद्देश्य है। सुखदेव मुंडा ने कहा कि बनई नदी पर जामटोली के सीमान समेत बांधटोली में भी बोरीबांध का निर्माण किया जाएगा। बोरीबांध निर्माण में श्रमदान करने वालों में सुखदेव मुंडा, मागो मुंडा, बसंत मुंडा, राहुल महतो, सिंगराय मुंडा, भीम प्रधान, संजीत कुम्हार, फागू मुंडा, चैतु मुंडा, मंगरा मुंडा, हाराधन तोपनो, सुखराम मुंडा, नयन मुंडा समेत जामटोली व घाघरा के ग्रामीण शामिल थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## झलकियां

### हाथी ने एक ग्रामीण को पटककर किया घायल, एमजीएम रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में शाम होते ही ग्रामीण अपने घरों में दुबकने के लिए मजबूर है। हाथी प्रभावित गांवों में सुबह 6 बजे से पहले घर से निकलना खतरे से खाली नही है। वहीं डुमरा गांव में रविवार की अहले सुबह करीब 3 बजे शौच के लिए जा रहे 68 वर्षीय सुकराम सिंह मुण्डा एक हाथी का चपेट में आने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में ले जाकर भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों ने उसे एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया। घटना कि सूचना मिलते ही वन पाल मुकेश कुमार महतो व वन रक्षी कैलाश महतो नर्सिंग होम पहुंचकर घायल के परिजनों को तत्काल 15 हजार रुपए इलाज हेतु मुआवजा का भुगतान किया।

### वीडियो शो के जरिए जेंडर हिंसा पर चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका पंचायत में सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वोलंटरी एक्शन ( युवा ) द्वारा कॉमिक रिलीफ, क्रिया दिल्ली के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के तहत लड़कियों, महिलाओं, विकलांग साथियों, स्वास्थ्य प्रदाताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के के बीच में वीडियो शो किया गया जिसमें सहमति, नेतृत्व, जेंडर आधारित हिंसा को लेकर फिल्म के माध्यम से चर्चा की गई और जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए सब की भागीदारी पर बातचीत की गई ।

### फरवरी माह के लोक अदालत में 31 मामलों का निष्पादन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय सरायकेला एवं अनुमंडलीय न्यायलय चांडिल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा फरवरी महीने 2024 के लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 31 मामलों का निष्पादन किया गया। ये मामले पुलिस एक्ट, विद्युत विभाग, वन विभाग एवं उत्पाद विभाग आदि से संबंधित थे। उक्त मामलों का निष्पादन किया गया तथा 19750 रुपए की प्राप्ति हुई।

### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए भाजपा नेता विमल बैठा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा ने रविवार को बोड़ाम पंचायत अंतर्गत आंधारझोर गांव में रूहिदास समाज द्वारा संतगुरु रविदास जी के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन के दूसरे दिन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की शांति कामना की। संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे छह कीर्तन मंडलियां कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

### जेबीकेएसएस ने किया प्रखंड कमेटी का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के धार्मिक स्थल भीमखंदा में झारखण्डी भाषा ख़ातियानी संघर्ष समिति के कोल्हान महामंत्री नवीन महतो की अध्यक्षता में सरायकेला विधानसभा अंतर्गत प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान झारखंड के 81 विधानसभा में जेबीकेएसएस दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतर कर जीत हासिल करने और जयराम महतो को झारखंड का मुख्यमंत्री बनाने पर रणनीति तैयार की। इस दौरान सरायकेला विधानसभा के तीन प्रखंड राजनगर, गम्हरिया और सरायकेला में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने विस में विधायक निधि से किया 129 योजनाओं का शिलान्यास, बोले

# फ्लाई ओवर बनाने का काम जल्द होगा शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक निधि के कुल 129 योजनाओं (कुल प्राक्कलित राशि 6 करोड़ 21 लाख 63 हजार 120 रुपए) का विधिवत शिलान्यास कर क्षेत्र में विकास कार्य धरातल पर उतारने हेतु सौगात दिया. विदित हो मानगो नगर निगम अन्तर्गत 82 योजनाएं (3 करोड़ 45लाख 28 हजार 670 रुपए) एवं जमशेदपुर अक्षेस अन्तर्गत 47 योजनाएं (2 करोड़ 76 लाख 34हजार 450 रुपए) कुल योजनाओं का शिलान्यास किए. शिलान्यास के उपरांत अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा क्षेत्र को समस्या विहीन करना पहली प्राथमिकता है उसी कड़ी में आज का ये शिलान्यास कार्यक्रम है।

क्षेत्र के जनता, माताओं -बहनों कि सहूलियतों और उनके ज्वलंत समस्यायों को ध्यान में रखते हुए क्रमवार समस्यायों का निदान किया जा रहा, इसके अतिरिक्त मानगो को जाम मुक्त बनाने हेतू फ्लाई ओवर बनाने का काम जल्द ही शुरू होगा। जमशेदपुर पश्चिम कि सड़कों पर यातायात का अतिरिक्त भार को देखते हुऐ सड़को का चौड़ीकरण का काम, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ई कचड़ा संग्रह केंद्र, क्षेत्र के साफ - सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा. इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक प्रतिनिधि प्रभात ठाकुर, मनोज झा, बबन शुक्ला, बिजेंदर तिवारी, कैलाश रजक, जय प्रकाश साहू, संजय तिवारी, माजिद अख्तर,संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, जितेंद्र सिंह, राजेश रजक, अमित कुमार ,सुमित सोनकर, राकेश जयसवाल, शिल्पी चक्रवर्ती, रवि दुबे ,इरशाद हैदर, मनोज भगत, पंकज अग्रवाल, दुर्गा सिंह, धनु महतो, सहित क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वच्छ जमशेदपुर के लिए बन्ना गुप्ता की अनोखी पहल

# 1235 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ दी स्वच्छता बाल्टी



प्रभात मंत्र संवददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कार्यालय में कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर, साकची, मानगो के रहने वाले दिव्यांगजन, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के 1235 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया. अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा. इस दौरान मंत्री ने पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ स्वच्छता के लिए एक स्वच्छता बाल्टी भी दिया और कहा के आप अपने घर का कचरा को इधर-उधर ना फेंक आप उसी बाल्टी में डाले और जब कोई कचरा लेने के लिए आए तो उसको दे या कचरा को कूड़ादन में फेंक ताकि हमारा शहर साफ सुथरा बने रहे. साथ ही सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है के घर घर जाकर, बीच-बीच में आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र में शिविर लगाकर इन लाभुकों का आवेदन फार्म भरवाया कर इस योजना से जोड़े. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, बबुआ झा,बबन शुक्ला,संजीव झा, राकेश जयसवाल, इरशाद हैदर, कैलाश रजक जितेंद्र सिंह, तुला दा, देवाशीष डे उर्फ छोटू, रवि दुबे, राजेश गोराई, धनु महतो, माजिद अख्तर, आगेस्टिंग विल्सन सुकुमारी, जी सी मोहंती, दुर्गा सिंह, उषा यादव, सोंटी रजक उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार हाइवा घुसा घर में, कई बकरी की मौके ए वारदात पर मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकड़ु प्रखण्ड के नीमडीह थाना क्षेत्र के छत्तारडीह में निमडीह की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर घर में घुस गया। जिससे हाईवा और घर दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात एक हाइवा तेज रफ्तार से आकर रास्ता किनारे स्थित चापाकल को तोड़कर घर मे घुस गया जिससे घर पर मौजूद बकरियां मौके पर ही मर गई। घर के सारे समान नष्ट हो गई। शुक्र है की घटना के समय लोग घर के बाहर थे जिससे जान की क्षति नही हुआ। घटना के बाद घरवाले दुखी है तथा ग्रामीण अक्रोशित है, ग्रामीणों का कहना है की उचित मुआवजा देकर पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में मदद करे।

## भाजपा सोनारी के लाभार्थी सम्मेलन में लोकसभा सीट जीतने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले लाभार्थी सम्पर्क अभियान के निमित्त आज मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय भाजपा सोनारी मंडल के कार्यशाला सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के अपेक्षित मंडलों के सभी सम्मानीय पदाधिकारी एवं मंच मोर्चा के अधिकारी गण संयोजक और सह संयोजक शामिल हुए।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में जमशेदपुर महानगर के उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सोनु ठाकुर, सुनील सिंह, रीता सिंह, नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव,संजय मुंडा, प्यारे लाल, सुजीत आदित्य, दिपक नाग, शंकर राय, कृष्णा यादव,उज्वल सिंह, कबिता मुंडा, सरिता लाल, शिमा देवी,बिराज दै, काजल मुखर्जी, कैलाश सरदार, मुख्य रूप से शामिल हुए।

## ईचाडीह में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** विगत 17-24 फरवरी तक ईचाडीह में चल रहे श्रीमद भागवत कथा में आज जागरण रात्री में राज परिवार सदस्य कल्याण चंद्र सिंह शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में मुखिया चित्तरंजन सिंह मुंडा, समिति के मंगल सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान रघुबर कुमार, सुमन चन्द्र हलदर, समीर कुमार, हेमंत कुमार, नन्दलाल दास, भजोहरी दास उपस्थित थे। कार्यक्रम के कथावाचक विनय कृष्ण ठाकुर महाराज और श्रीमद भागवत कथाकार लक्ष्मण ठाकुर थे। मौके पर ईचाडीह सोलोआना कमिटी ने कल्याण चंद्र सिंह का तहेदिल से आभार प्रकट किया।

## आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान हैं सरायकेला वासी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र में विगत लगभग दो माह से अचानक आवारा कुत्तों के कई झुंड घूमते नजर आ रहे हैं। पहले इन पर लोगों का ध्यान नहीं था क्योंकि ये भोजन जलपान के होटलों के सामने एवं सड़क किनारे डेरा जमाए हुए थे। विगत कुछ दिनों से ये आवारा कुत्ते परेशानी का कारण बने हुए हैं। बाजार में घूमते गाय एवं बकरियों पर धावा बोलने लगे हैं। कई बकरियां अब तक आवारा कुत्तों के शिकार बन चुके हैं। इनको भगाने का प्रयास करने पर लोगों पर भी झपटने लगे हैं। अब तक अलग अलग समय पर लगभग एक दर्जन लोगों को आवारा कुत्ते काट चुके हैं। इनके शिकार से लोग सदर अस्पताल के कुत्ता काटे का सुई लगवा रहे हैं। सुबह शाम टहलने को निकले बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोग परेशान हैं। सरायकेला नगरपंचायत के पास अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि आवारा कुत्तों के आतंक से शहरवासियों को राहत दिला सके।

## गांगुडीह में चांडिल अनुमंडल अस्पताल पुनर्निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

# 17 करोड़ लागत से होगा अनुमंडल अस्पताल का पुनर्निर्माण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने रविवार को चांडिल के गांगूडीह में 17 करोड़ की लागत से बनने वाले अनुमंडल अस्पताल भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। आपको बताते की यह अस्पताल झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुधीर महतो ने 2008 में अस्पताल भवन निर्माण का शिलान्यास किया था, उस समय लगभग 2 करोड़ 51 लाख लागत से निर्मित होना था। लेकिन संवेदक अधूरा कार्य करके छोड़ दिया। फिर दोबारा 2019 में भी 1 करोड़ 67 लाख से मरम्मती कराया गया था। ये तीसरा बार है जो 17 करोड़ से मरम्मती कर अस्पताल को 18 महीने के अंदर चालू होने वाला है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि उनके पति पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो के हर अधूरी कार्य को पूरा कर रहे है। अस्पताल का कार्य भी अधूरा था। उन्होंने बताया कि अनुमंडल अस्पताल भवन बनने के बाद अस्पताल के लिए चिकित्सक भी नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। विधायक ने भवन निर्माण के संवेदक को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण भवन बनाने का निर्देश दिया।

कहा कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरु चरण किस्कु, एसडीएम गिरजा शंकर महतो, केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, पप्पू वर्मा, पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक, प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण किशोर महतो, मुखिया बनू सिंह आदि उपस्थित थे।

## बेलटांड़ व भूला से एक माह के अंदर 5 साइकिलों की चोरी, लोग चिंतित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रविवार की सुबह करीब 10 बजे पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलटांड़ बाजार स्थित एक दुकान के बाहर खड़ी एक साइकिल की चोरी कर ली गई है जो पाथरडीह निवासी सह दिघी पंचायत के उप मुखिया राजशेखर महतो की थी। इस संबंध में भुक्तभोगी राजशेखर महतो ने बताया कि वह सुबह करीब 9 बजे अपने घर से बेलटांड़ बाजार स्थित साप्ताहिक हाट आए थे। एनके ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान बंद रहने के कारण उसके बाहर साइकिल को खड़ी करके अपना जरूरी काम निपटाने के लिए निकल गए। करीब एक घंटे के बाद जब वहां लौटे तो देखा कि उनकी साईकिल गायब है। चूंकि उन्होंने तालाबंद करके ही हाट घूमने निकले थे इसलिए उन्हें शक हुआ कि साइकिल की चोरी हो गई होगी। वहीं दुकानदार प्रदीप कुमार पैड़ा से दुकान खोलवाकर उनकी सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर एक थैला में मास्टर चाभी लेकर आया था और मौका मिलने पर तुरंत ताला खोलकर साइकिल को लेकर गायब हो गया। राजशेखर महतो ने घटना के संबंध में पटमदा थाना में लिखित शिकायत की है। वहीं बेलटांड़ व भूला से एक माह के अंदर 5 साइकिलों की चोरी हो गई है अब तक इन मामलों में किसी प्रकार का खुलासा नहीं होने से क्षेत्र के लोग चिंतित हैं।

## बकरी चोरी कर भाग रहे आरोपी को खदेड़कर पकड़ा



आरोपी उत्तम प्रमाणिक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत भादूडीह (टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के किनारे) गांव से एक टेंपो में बकरी चोरी कर भाग रहे एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने खदेड़कर पकड़ लिया। घटना रविवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने बताया कि इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

बताते हैं कि इससे पूर्व भी क्षेत्र में बकरी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिसके कारण लोग सजग थे और बकरी को जैसे ही टेंपो में लादा जा रहा था तो लोगों की नजर उसपर पड़ी और शोर मचाने पर वह टेंपो समेत बकरी छोड़कर भाग निकला। हालांकि लोगों ने दौड़ा दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम उत्तम प्रमाणिक व पता गणेश नगर बागबेड़ा थाना क्षेत्र बताया है। टेंपो पद्मा प्रमाणिक के नाम से पंजीकृत है। बकरी भादूडीह कुटिमाकुली निवासी दुकानदार सदानंद महतो की है जो पुराना पंचायत भवन के बगल में घास चर रही थी। घटना की सूचना हलुदबनी ओपी प्रभारी विमल कुमार को दे दी गई है।

## पटमदा में आयोजित खतियानी जनसभा में उमड़ा जन सैलाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** शनिवार को पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत अंतर्गत लायाडीह हाट मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के बैनर तले आयोजित खतियानी जनसभा में क्षेत्र लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, मजदूर, किसान, छात्र, युवा व बुद्धिजीवियों ने सभा में उपस्थित होकर आदिवासी मूलवासी एकता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कोल्हान शेरनी बेबी महतो उपस्थित थीं। सभा का संचालन फनी भूषण महतो ने किया। बेबी महतो ने कहा कि राज्य तथा केंद्र सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण जनता त्रस्त हैं और इसके लिए तमाम राजनितिक पार्टियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 2024 में यदि जेबीकेएसएस से सांसद-विधायक चुने जाएंगे तो रांची से लेकर दिल्ली तक झारखंडियो की आवाज को बुलंद करने का काम किया जाएगा। जेबीकेएसएस का वादा है, इरादा है कि झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय, नियोजन, विस्थापन, उद्योग, खनन नीति आदि लागू करना है। जनता के मूलभूत अधिकारों सीएनटी एक्ट, पेसा कानून, जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति को सुरक्षित करना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर मुख्य रूप से विश्वनाथ महतो, रामदास मुर्मू, शंखदीप महतो, माणिक बेसरा, स्वपन कुमार, ग्रामप्रधान रजनीकांत महतो, चंदन महतो, अनिल बास्के, गणेश कुम्भकार, कृष्णा रजक आदि शामिल थे।

## पटमदा में गंगा मेमोरियल अस्पताल का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों की हुई जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** गंगा मेमोरियल अस्पताल, डिमना रोड संकोसाई की ओर से रविवार को पटमदा के डाकबंगला परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। सांसद विद्युत वरण महतो की पहल पर आयोजित शिविर में पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे 250 मरीजों ने नि:शुल्क जांच करवाते हुए दवाइयां ली। इस दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं ब्लड ग्रुपिंग की जांच के साथ-साथ सर्दी, खासी एवं अन्य बीमारियों की जांचोपरांत नि:शुल्क दवा भी उपलब्ध कराया गया। साथ ही शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सक डॉ. नागेंद्र सिंह ने ऑपरेशन संबंधित बीमार मरीजों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। शिविर को सफल बनाने में भाजपा नेता मुचीराम बाउरी, प्रदीप कुमार महतो, महाबीर महतो, मंटु चरण दत्त, शांतनु मुखर्जी, प्रकाश कुंभकार, तरुण महतो, सुनील कुमार समेत अन्य कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## टाटा स्टील ने जमशेदपुर की तीसरी विंटेज, क्लासिक कार व बाइक रैली की मेजबानी की

### सौरव की मर्करी बनी सर्वश्रेष्ठ कार व हरमीत की ट्रायम्फ सर्वश्रेष्ठ बाइक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील विंटेज और क्लासिक कार एंड बाइक रैली का तीसरा संस्करण आज यहां गोपाल मैदान में खूबसूरत ऑटोमोबाइल की कतार के साथ आयोजित किया गया। रैली का आयोजन टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा की दृष्टि और स्मृति का सम्मान करते हुए 185वें संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किया गया था। पश्चिम बंगाल, झारखंड, पंजाब और ओडिशा राज्यों की भागीदारी के साथ 1920 से 1980 के दशक की 160 से अधिक पुरानी और क्लासिक कारों और बाइकों ने रैली के लिए पंजीकरण कराया। रैली को आज सुबह गोपाल मैदान में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष कॉर्पोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, शेयर्ड सर्विसेज टाटा स्टील के उपाध्यक्ष प्रबल घोष और टाटा स्टील के स्टील मैन्युफैक्चरिंग के उपाध्यक्ष चैतन्य भानु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली भरूचा मेंशन, जुबली पार्क, यूनाइटेड क्लब, सर दोराबजी टाटा पार्क, कीनन स्टेडियम और सेंट जॉर्ज चर्च से होते हुए यूनाइटेड क्लब में समाप्त हुआ। यूनाइटेड क्लब में पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए, श्री चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल दुर्लभ और सुंदर मशीनों का प्रदर्शन करता है, बल्कि इतिहास और संस्कृति का जश्न मनाने का एक प्रमाण भी है। सर्वश्रेष्ठ कार श्रेणी में ओवरऑल चैंपियन सौरव रॉय की मर्करी 8 थी, जबकि सर्वश्रेष्ठ बाइक श्रेणी में ओवरऑल चैंपियन हरमीत सिंह भामरा थे, जिनके पास ट्रायम्फ 3 एचडब्ल्यू है। कार्यक्रम के निर्णायक पृथ्वी नाथ टैगोर, नितिन श्रेष्ठ, सैकत दत्ता और हरजीत सिंह धंजल थे। इस साल भी, जमशेदपुर के सुपर बाइकर क्लब ने हार्ले डेविडसन, बीएमडब्ल्यू, डुकाटी और ट्रायम्फ सहित 16 बाइक प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम में भाग लिया। बाइक सवारों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

**91920 से 1980 के दशक के बीच बने पुराने वाहनों ने रैली में भाग**

संपादकीया

## राजनीतिक कुंडली में बेरोजगार

**अंततः** हिमाचल का विधानसभा सदन खामोशी से सुन रहा बेरोजगारों की वकालत। सरहद पर खड़ा बेरोजगार और विपक्ष की वकालत का सहारा, उसे हमेशा की तरह फिर किंकर्तव्यविमूढ़ बन रहा। मंगलवार की बहस में नौकरी का सरकारी रुतबा आसमान पर सितारे गिनता रहा। कहीं आउटसोर्स चीख रहा, कहीं साल में एक लाख नौकरी का टोटका बोलता रहा। इस दौरान बच्चों ने रोजगार कार्यालय का चेहरा देखना छोड़ दिया, लेकिन पंजीकृत 742845 बेरोजगारों के लिए सरकार ही ख्वाजा पीर की अरदास है या किसी मंदिर की पूजा में की गई मन्नत। कितने दोराहे-कितने चौराहे हैं पढ़े लिखे बेरोजगारों के लिए, लेकिन नौकरी का शब्द सरकारी शब्दकोश की तरह अपने अर्थ में घुमाते भर रहा है। अब गिनती का रोजगार गिनती कब तक करे, लेकिन पांच साल में पांच लाख बेरोजगार अगर किस्मत के धनी हो गए, तो रोजगार कार्यालय भी अपने आंकड़ों का उद्धार कर लेगा। हमने देखा कि एक बार तत्कालीन धूमल सरकार ने सरकारी नौकरी की चारपाई पर युवाओं को 45 साल की उम्र तक सपने देखने के लिए सुला दिया। इसका कितना व किसको लाभ हुआ, लेकिन रोजगार की कचहरी में याचक बढ़ गए। बेरोजगार अब सरकार के सामने याचक और विपक्ष उनका वकील। इसलिए इस बार भाजपा की कुंडली में बेरोजगारी का मुद्दा है, तो तकरार के बाजुओं में दम है, वरना हिमाचल में वही चंद बीघा जमीन जोत कर नौकरियों की मुंडियां उगाई जाती हैं। कॉडर से बहस करता एक नया कॉडर, अप्रत्यक्ष नियुक्तियों से बात करता एक नया उपनाम और विसंगतियों की चिल्लपों में वर्षों से संघर्षरत कोई न कोई कर्मचारी वर्ग। इसका एहसास, उसका हिस्सा और सियासी हिस्सेदारी में रेवड़ियां ढूंढते हमने सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया को इतना लचर बना दिया कि अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा पत्र ढाबों में बिकने लगे। फर्जी दस्तावेज से कभी डाक सेवक बनने की उमंग, तो कभी सचिवालय तक कदम पहुंच जाते हैं। पूरी की पूरी पुलिस भर्ती विभाग के अभिशप्त अध्याय लिख गई, लेकिन राज्य के पास दंड देने की शक्ति नहीं। दंड मिलता है उस सपने को जो पढ़े-लिखे नौजवान को सोने नहीं देता। हर पेपर लीक या रोजगार की जालसाजी में कितने अरमान मरते हैं, इसकी कभी जांच पूरी नहीं होती। दरअसल रोजगार है क्या, इसे समझे बिना सरकारों ने अपनी मुट्ठी में आई सरकारी नौकरियों का ही गुणगान किया, जबकि हिमाचल का निजी क्षेत्र लगातार बढ़ाता रहा अवसर। अब हम निजी निवेश को पुकार रहे हैं, लेकिन क्या हमारा बेरोजगार युवा निजी रोजगार को पुकार रहा है। बीबीएन में पैदा हुए रोजगार के लिए हमने शर्तें भले ही सत्तर फीसदी हिमाचलियों के पक्ष में ईजाद कीं, लेकिन हमारे बेरोजगार युवाओं ने अपने हिस्से का अधिकार रोजगार ठुकरा दिया। यह इसलिए कि हमने उसे घर द्वार पर ऐसी शिक्षा दी जो उसे कर्मठ नहीं, सरकारी नौकरी की बैसाखी पर चलना सिखाती है। वह 'आउटसोर्स' होकर भी इसी बैसाखी पर चलता है, तो किसी तरह की अस्थायी कांट्रैक्ट पर भी प्रसन्न है और राजनीति उसे प्रेरित करती है। अगर कोविड काल में कुछ लोग 'आउटसोर्स' से काम पर लगाए, तो उनका हक योग्यता या चयन परीक्षा से ऊपर क्यों हो जाता है। अगर एसएमसी का जरिया सामने आया, तो यही सरकारी नौकरी का नजरिया क्यों। जेओए आईटी परीक्षा अगर कलंकित है, तो इसकी तरफदारी क्यों। सरकार को नौकरी के बजाय रोजगार के लिए हालात, निवेश व नियम सरल करने होंगे ताकि निजी क्षेत्र के लिए प्रतियोगिता बढ़े। हिमाचल के सैकड़ों इंजीनियर, एमबीए व अन्य डिग्रियों को लेकर अगर देश भर के निजी क्षेत्र में अपना रोजगार पा रहे हैं, तो हिमाचल में यह हालात क्यों नहीं। वर्षों से गगल में बन रहे एक मात्र आई टी पार्क के प्रति पिछली सरकारों या वर्तमान की प्राथमिकता जुट जाती, तो क्या यहां रोजगार पैदा नहीं होता। श्रीमान विपक्ष और उदार सत्ता पक्ष से गुजारिश है कि बहस से हटकर रोजगार के विषय को समझते हुए युवाओं को निजी क्षेत्र के चमकते सितारे बनाने में मदद करें।

> पांच साल में पांच लाख बेरोजगार अगर किस्मत के धनी हो गए, तो रोजगार कार्यालय भी अपने आंकड़ों का उद्धार कर लेगा। हमने देखा कि एक बार तत्कालीन धूमल सरकार ने सरकारी नौकरी की चारपाई पर युवाओं को 45 साल की उम्र तक सपने देखने के लिए सुला दिया। इसका कितना व किसको लाभ हुआ, लेकिन रोजगार की कचहरी में याचक बढ़ गए। बेरोजगार अब सरकार के सामने याचक और विपक्ष उनका वकील। इसलिए इस बार भाजपा की कुंडली में बेरोजगारी का मुद्दा है, तो तकरार के बाजुओं में दम है, वरना हिमाचल में वही चंद बीघा जमीन जोत कर नौकरियों की मुंडियां उगाई जाती हैं। कॉडर से बहस करता एक नया कॉडर, अप्रत्यक्ष नियुक्तियों से बात करता एक नया उपनाम और विसंगतियों की चिल्लपों में वर्षों से संघर्षरत कोई न कोई कर्मचारी वर्ग। इसका एहसास, उसका हिस्सा और सियासी हिस्सेदारी में रेवड़ियां ढूंढते हमने सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया को इतना लचर बना दिया कि अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा पत्र ढाबों में बिकने लगे। फर्जी दस्तावेज से कभी डाक सेवक बनने की उमंग, तो कभी सचिवालय तक कदम पहुंच जाते हैं।

### भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है

# श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह

संजय तिवारी

> देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा।

**भारत** की संसद में 10 फरवरी 2024 का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्र्धाली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था। नरेन्द्र मोदी जैसे संकल्पित और तपस्वी प्रधानमंत्री के प्रयासों से वह स्वर मुखर हुआ, अभिव्यक्ति पाया और एक दुर्लभ सपना आज साकार स्वरूप में सभी के सामने है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में जोर इस बात पर दिया कि 22 जनवरी 2024 का दिन आने वाले दस सहस्त्र वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन चुका है। 22



जनवरी वह दिन है जिसमें करोड़ों भक्तों की आशाएं, आकांक्षाएं सिद्ध हुयी हैं। यह समग्र भारत के लिये आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। यह महान भारत की यात्रा के आरंभ का दिन है। और मां भारती को विश्व गुरु के मार्ग पर आगे ले जाने का एक पड़ाव है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में राम, रामतत्व, राम के आदर्श, राम राज्य, राम का जीवन चरित्र, राम की यात्रा, उनके संघर्ष, उनके साहस, उनकी मार्यादा और लोक में राम की उपस्थिति पर बहुत विस्तार से चर्चा की। भारत के लिये राम कितने महत्वपूर्ण हैं इसकी व्याख्या करते हुए गृहमंत्री ने स्पष्ट किया कि राम और राम के चरित्र के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। जो भी लोग भारत को पहचानना चाहते हैं, जानना चाहते हैं, जीना चाहते हैं वे राम और रामचरितमानस के बिना जी ही नहीं सकते। राम का चरित्र और राम भारत के जनमानस के प्राण तत्व हैं। इसे सभी को समझना भी चाहिए और स्वीकारना भी चाहिए। जो लोग राम के अलावा भारत की कल्पना करते हैं वे भारत को तो नहीं ही जानते हैं बल्कि वे हमारी पराधीनता के समय का ही प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। भारत के संविधान से लेकर माहात्मा गांधी के रामराज्य तक की कल्पना में राम की महत्ता को गृहमंत्री ने बहुत विस्तार से समझाया। गृहमंत्री के अति गंभीर और विस्तृत उद्बोधन में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, श्रीलालकृष्ण आडवाणी की राम रथ यात्रा, निहंग आंदोलन, स्व. अशोक सिंघल जी द्वारा किये गये संघर्ष के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर जिस ढंग से प्रकाश डाला गया वह अत्यंत भावुक रहा। गृहमंत्री ने पालमपुर में भाजपा की कार्यकारिणी के प्रस्ताव से लेकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक की यात्रा को बहुत विस्तार से सदन के पटल पर तो रखा ही, ऐसी शैली में रखा कि पूरा परिवेश अत्यंत भावपूर्ण हो गया। 1528 में मंदिर के विध्वंस से लेकर 1990 की कार सेवा और भारत के सुप्रीम कोर्ट में चलने वाली कार्यवाहियों और विवादों के बाद पांच जजों द्वारा दिये गये फैसले और अब मंदिर के बन जाने तक की यात्रा को गृहमंत्री ने विध्वंस के सामने विकास की विजय बताया। धर्मान्धता के सामने आध्यात्मिकता और भक्ति की विजय के रूप में रेखांकित करते हुए उन्होंने इसको भारत के गौरवमय युग की शुरुआत बताया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, संघर्ष, अदालती दांव-पेच, विरोधी पक्ष द्वारा की गयी टिप्पणियों और 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये किये जाने वाले प्रयासों को अद्वितीय बताते हुये अमित शाह ने कहा कि जब भी दुनिया का इतिहास लिखा जायेगा तब लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए किसी देश के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक विश्वास की पूर्ति के लिये इतना बड़ा संघर्ष मानक बनेगा और निश्चित रूप से इसकी सफलता का श्रेय सनातन मूल्यों के प्रति समर्पित और एक तपस्वी राजा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को ही जायेगा। गृहमंत्री ने और भी बहुत कुछ कहा जिसका उल्लेख सार में ही करना उचित होगा। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सनातन वैष्णव उपासक स्वरूप को गृहमंत्री ने विशेष रूप से सदन के सामने जब रखा तो वह क्षण भी बहुत भावपूर्ण था। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा - जब राम मंदिर का निर्माण हो रहा था, तब और जब जजमेंट आया तब, कई लोग कयास लगा रहे थे, कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, इस देश में दंगे हो जाएंगे, इस देश में धर्म-धर्म के बीच में बड़े विवाद होंगे। मगर, मैं आज इस सदन को कहना चाहता हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। कोर्ट के जजमेंट को भी जय-पराजय की जगह सबके मान्य न्यायालय के आदेश में परिवर्तित करने का काम मोदी जी के दूरदर्शी विचार ने किया है। जब समय आया, उनको न्योता मिला कि वे आकर भूमि पूजन करें। वे 140 करोड़ जनता के जनप्रतिनिधि हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने उनको जनता के प्रतिनिधि के नाते शिलान्यास करने का जब मौका दिया, तब मोदी जी का जो पूरा आचरण था, इसको ध्यान से देखना चाहिए। वह आचरण आने वाले सैकड़ों सालों तक दुनिया के सामने रहेगा इससे कई लोगों को प्रेरणा भी मिलेगी। हम सब ने, आचार्य गोविंद देव गिरी जी के वक्तव्य को सुना है।

दृष्टि कोण

# किसानों के हितों का संरक्षण जरूरी

**प्राचीन** भारत की समृद्धि का आधार कृषि ही थी। विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में कृषि का गौरवपूर्ण उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद के सूक्त 34-13 में उल्लिखित है- 'अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व वित्ते रमस्व बहुमन्यमानः' अर्थात् जुआ मत खेलो, कृषि करो और सम्मान के साथ धन पाओ। वहीं कृषि पाराशर-श्लोक-8 में वर्णित है, 'कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।' अर्थात कृषि सम्पत्ति और मेधा प्रदान करती है और कृषि ही मानव जीवन का आधार है, जैसे श्लोकों में कृषि के महत्व को रेखांकित किया गया है। लेकिन इन दिनों भारत का किसान नाराज है तो कई राज्यों में लोग कृषि कार्य छोडक़र अन्य क्षेत्रों में रोजगाररत हैं। इधर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने सहित 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग को लेकर 13 फरवरी, 2024 से पुनः आंदोलनरत हैं और दिल्ली कूच का आह्वान किया है। उनकी मांगों की सूची में किसानों के लिए पेंशन, ऋण माफी और विश्व व्यापार संगठन से वापसी भी शामिल है। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा का एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर कहना है कि इसकी इकोनॉमिक फिजिबिलिटी (आर्थिक व्यवहार्यता) का विश्लेषण करने की जरूरत है। बजट 2023 की घोषणाओं को देखें तो केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि केंद्र प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत पूरे वर्ष के लिए 2 लाख करोड़ रुपए वहन करेगा और अब इस योजना को 2028 तक बढ़ा दिया गया है। इस प्रकार देखें तो केंद्र पीएमजीकेएवाई पर 2028 तक 10 लाख करोड़ की राशि खर्च करेगा। जाहिर है केंद्र सरकार को वोट बैंक की राजनीति से परे जाकर किसानों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करने की जरूरत है। कृषि जगत में आम तौर पर किसानों की कुछ समस्याओं पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, जैसे किसानों के लिए बुनियादी ढांचे का



विकास करना, ऋण तक पहुंच को आसान बनाना, बीमा, कोल्ड स्टोरेज, अनिश्चित जल अधिकार एवं आपूर्ति, पारिश्रमिक आय का अभाव, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और अपर्याप्त परिवहन जैसी सुविधाओं में सुधार आवश्यक है। इतना ही नहीं, 1990 के बाद से भारत में प्रति वर्ष दस हजार से अधिक किसानों के द्वारा आत्महत्या की रपटें दर्ज की गई हैं। भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 और 2014 के बीच कुल 296438 भारतीय किसानों ने आत्महत्याएं की थीं। इनमें से 1995 के बाद से 60750 किसान आत्महत्याएं अकेले महाराष्ट्र राज्य में हुई हैं। किसानों की आत्महत्याओं के आंकड़े किसानों को दरपेश आ रही समस्याओं की तसदीक करते हैं। भारत सरकार ने 1960 और 1970 के दशक में कृषि सुधारों की शुरुआत की थी। उसके बाद भी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर किसानों के लाभार्थ कई योजनाएं शुरू की जाती रही हैं। जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम किसान मानधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना। वर्तमान में पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत पात्र किसानों को रुपए की प्रत्यक्ष आय सहायता मिलती है और 6000 रुपए प्रति वर्ष तीन समान किश्तों में किसानों को दिया जाता है। इस पर केंद्र सालाना लगभग 66 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसानों के लिए नियमित और टिकाऊ आय सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। लेकिन एमएसपी की मांग के पीछे तर्क है कि वर्ष 2014 और वर्ष 2015 में लगातार दो सूखे की घटनाओं के कारण किसानों को वर्ष 2014 के बाद से अपनी उत्पादित वस्तुओं की कीमतों में लगातार गिरावट का सामना करना पड़ा है और बाद में विमुद्रीकरण एवं 'वस्तु एवं सेवा कर' ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मुख्य रूप से गैर-कृषि क्षेत्र के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। दूसरे वर्ष 2016-17 के बाद अर्थव्यवस्था में जारी मंदी और उसके बाद कोविड महामारी के कारण अधिकांश किसानों के लिए परिस्थितियां विकट बनी हुई हुई हैं। डीजल, बिजली एवं उर्वरकों के लिए निरंतर बढ़ती उच्च कीमतों ने उनके संकट को और बढ़ाया है। सरकार को अब यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिले, सस्ते दामों पर उर्वरकों की आपूर्ति हो, ताकि किसान कृषि संकट एवं अपनी निर्धनता से निपट सकें। यह सच है कि खेती एक जोखिम भरा कार्य है। फसल बोने से लेकर फसल कटने तक किसानों के समक्ष अनिश्चितता वाली परिस्थितियां बनी रहती हैं, क्योंकि फसलों का उत्पादन पूर्णतः प्रकृति के स्वभाव पर निर्भर करता है।

कुछ अलग

## जिंदगी बदलने की फरियाद

**जब** से जिंदगी से रुखसत लेने का समय करीब आता जा रहा है, हम एक ही बात बार-बार सोचने लगे हैं, कि क्या हमारी इस घडन्नतख्ता जिंदगी और नामुक्कमल जिंदगी की नाकामयाबी के पीछे यह सच्चाई तो नहीं कि हम किसी भी क्षण जिंदगी के किसी भी आयाम में एक समझौतापरस्त टुकडख़ोर न बन सके? जी हां, जीवन में कामयाब होने के यही दो अचूक मंत्र हैं। पहला तो यह कि सबसे अच्छा लड़ाकू वह जो अपने से तगड़े को देख कर समझौता कर उसकी चरणवंदना कर ले, और अपने से कमजोर के सामने एक ऐसे पहाड़ पर खड़े होने का नजारा पेश करे कि जिसके नीचे कोई सीढ़ी भी नहीं। ऐसे पहाड़ पर वह हमेशा अकेला खड़े रहता है, और अपनी कल्पना में एक ऐसी भीड़ को अपना अनुसरण करते देखता है, उन पर अनुग्रह के फूल बरसाता रहता है। आशीर्वाद की भाषा के चंदोने तानता है, लेकिन अगर उसके ढोल की पोल खोल कोई छीछालेदर करने वाला सामने आ जाए, तो उसके मुखौटे का रंग बदल जाता है। वह विनम्रता की प्रतिमूर्ति बन जाता है और झुक-झुक कर उसे ऐसी कोर्निश बजाता है कि वह दूसरा भूतपूर्व पहाड़ भी उससे लज्जित हो कर अपने अहं ब्रह्मास्मि को गलत अर्थ लगने लगता है। शब्द 'कोर्निश' का क्या अर्थ होता है, बन्धु। भाषा शून्य, बुद्धि वर्जित हमसे बार-बार पूछ लेते हैं। अब उनकी जिज्ञासा का समाधान हम कैसे करें? तब एक और शब्द 'टुक्कडख़ोर' कूद कर किसी मायूस खरगोश की तरह हमारे बीच आकर खड़ा हो जाता है। अपनी मासूमियत के पंजे रगड़ते हुए बता देता है कि बन्धु शेरों की दहाड़ का नहीं, जमाना खरगोशनुमा पुलकन का है, गिलहरी सी फुदकन का है। भूख और बेकारी चाहे कितनी बढ़ जाए, जर्द होते और मुरझाते फूल मुर्दा होती तितलियों के पंखों की तरह बार-बार चेतायें कि बेमौसमी बरसात के विदा होते बादलों के साथ आजकल इन्द्रधनुष नहीं खिलते। अकाल और बेकारी लौट-लौट कर तेरे दरवाजे पर दस्तक देती है और तू विकास दर के आंकड़ों की छलांग पर लौटती लहरों की बांसुरी बजाता है। इस बेसुरी होती दुनिया में संगीत की लहरों पर युग बदलने के क्रांतिनाद नहीं उभरते, टुकडख़ोरों की घिघियाहट पेश-पेश हो जाती है। सुनो अलविदा कह गयी तलाकशुदा भूतपूर्व प्रेमिका की तरह, मौत के हरकारे महामारी का नया मुखौटा पहन कर तेरी जिंदगी में लौट आए हैं। राजधानी की सरहद पर किसान उसी तरह बैठे हैं, अपने फसलों के लिए एक निम्नतम मूल्य की गारंटी की आस लिए, और उधर अपने दया और हमदर्दी के नए पहाड़ से एक और मसीहा ने फरमा दिया, जो तेरा दर्द वह मेरा दर्द। देश मेरे कर रहित बजटों की ओर देखो, इसमें बेकार हाथों को फिर से काम देने की चिंता है, जिन्होंने अपने इलाकों को बेगाने इलाके से अलग कोष्ठकों में फिर बंद कर देने का प्रयास किया है। न्यायाधीश कहते हैं, अजी इन कोष्ठकों पर फिर से विचार कर लो, अपने इलाके के पचहत्तर प्रतिशत लोगों को इसमें बंद कर दोगे, तो केवल पच्चीस प्रतिशत को खुला छोड़ पूरे देश को डिजीटल कैसे बनाओगे? मंगल ग्रह पर पहुंच कर नए ख्वाबों की बस्ती कैसे बसाओगे? लेकिन बन्धु, मंगल ग्रह तक जाने की आवश्यकता क्या है? वहां अपनी धरती जैसा जीवन है या नहीं, इसकी खोज करने चले हो। अरे पहले अपनी धरती के मरते-जीते लोगों को नयी सांसें तो बख्श दो। देखो, इन्हें अपने लिए जिंदा क्षणों के टूटते सपनों की सौगात इन्हें मिली। सपने कह लो या फलसफे कह लो, एक ही बात है। आओ, इनके लिए बाबूडम के प्रतीक सरकारीकरण को धत्ता बता कर निजीकरण के स्वागत के लिए तोरणद्वार सजा दो।

देश दुनीया से

## कोविड ने बदल दी दुनिया, छोटे शहरों का रुख करती जिंदगी

> कोविड के दौरान, विशेष रूप से डेल्टा वायरस की लहर के समय, जब अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी हो गई थी, लोगों ने यह सोचना शुरू कर दिया था कि बड़े शहरों में रहने के नुकसान ज्यादा हैं। सामान्य दिनों में लंबा ट्रैफिक जाम, वायु गुणवत्ता की बदतर स्थिति, चरम मौसमी स्थितियां और व्यस्त व आक्रामक सामाजिक माहौल ऐसी चीजें हैं, जो लोगों को बड़े शहरों से दूर कर रही हैं। कोविड काल के बाद प्रचलित मिश्रित कार्य-संस्कृति का मतलब यह भी है कि जो लोग खर्च उठाने में सक्षम हैं, वे तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं। चाहे राजमार्गों का विकास हो या उड़ान योजना, पिछले दस वर्षों में बढ़ी कनेक्टिविटी ने भारत को आपस में अधिक जोड़ा है।

**कोविड** ने दुनिया को बदलकर रख दिया। यह हम सभी जानते हैं कि इससे मानव जीवन की विनाशकारी क्षति हुई, लेकिन इसने एक मौन आंदोलन को भी जन्म दिया, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया। लोग बड़े शहरों से छोटे शहरों में स्थानांतरित होने लगे और उन्होंने शांत व धीमी गति वाले जीवन को चुना। मैंने खुद ऐसा किया है, मिलेनियम सिटी गुरुग्राम से मैं एक छोटे घाटी शहर देहरादून में स्थानांतरित हो गई हूं। हालांकि मैं इन दोनों शहरों में आती-जाती रहती हूं, लेकिन अब मैं अपना ज्यादातर समय देहरादून में ही बिताती हूं, जो एक छोटा अनोखा शहर है और शैक्षणिक संस्थानों, सेना और सेवानिवृत्त लोगों का प्रमुख केंद्र भी है। यहां जिंदगी की रफ्तार थोड़ी धीमी है, लेकिन हवा अपेक्षया साफ है। कोविड के दौरान, विशेष रूप से डेल्टा वायरस की लहर के समय, जब अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी हो गई थी, लोगों ने यह सोचना शुरू कर दिया था कि बड़े शहरों में रहने के नुकसान ज्यादा हैं। सामान्य दिनों में लंबा ट्रैफिक जाम, वायु गुणवत्ता की बदतर स्थिति, चरम मौसमी स्थितियां और व्यस्त व आक्रामक सामाजिक माहौल ऐसी चीजें हैं, जो लोगों को बड़े शहरों से दूर कर रही हैं। कोविड काल के बाद प्रचलित मिश्रित कार्य-संस्कृति का मतलब यह भी है कि जो लोग खर्च उठाने में सक्षम हैं, वे तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं। चाहे राजमार्गों का विकास हो या उड़ान योजना, पिछले दस वर्षों में बढ़ी कनेक्टिविटी ने भारत को आपस में अधिक जोड़ा है।



इसके साथ ही इंटरनेट ने भी दूरियां कम की हैं। और यह सब इतनी तेजी से बदला है कि हैरानी होती है। एक दशक पहले जब मैं टीवी बहस में शामिल होती थी, तो कैमरामैन, लाइटमैन और साउंडमैन के साथ एक बड़ी ओबी वैन आती थी। वे लोग मेरे घर में लाइट और कैमरा लगाते थे, मुझे लाइव टीवी स्टूडियो से जोड़ते थे। आज मैं चाहे दुनिया में कहीं भी रहूं, जूम के माध्यम से टीवी बहस में शामिल हो सकती हूं। यह एक ऐसा बदलाव है, जो मैंने अपनी आंखों से देखा है। अस्तित्व के संकट और परिस्थितिवश मजबूरी में लोग बड़े शहरों में रहने के लिए बाध्य होते थे, लेकिन अब कई लोग ऐसी बाध्यता महसूस नहीं करते हैं। देहरादून में मेरे अपार्टमेंट में एक नई बात यह है कि यहां बहुत से वरिष्ठ नागरिक हैं, लेकिन तीस से चालीस की उम्र के लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो बड़े से छोटे शहरों में शहरी परिप्रेक्ष्य लेकर आए हैं और साथ ही संतोष की हवा भी। भारत में हुए तीव्र विकास से उन लोगों के लिए छोटे शहरों में रहना आसान हो गया है, जो बड़े शहरों में रहने के आदी हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में भी काफी सुधार हुआ है। जीवन-शैली में बदलाव अब उतना कठोर नहीं रह गया है, जितना पहले माना जाता था। असल में जीवन-यापन की लागत सस्ती हो गई है और पैसे के लिहाज से अचल संपत्ति का मूल्य बढ़ गया है। शिक्षा के प्रचुर अवसर हैं और सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक है। मेरे बचपन में दिल्ली से देहरादून पहुंचने में रुकते हुए सात से नौ घंटे लगते थे, लेकिन अब मुश्किल से चार घंटे लगते हैं तथा इसमें और कमी होने वाली है। गुरुग्राम से जयपुर मात्र तीन घंटे दूर है और बीस साल पहले गाड़ी से इतनी दूरी तय करने में पांच घंटे लगते थे। छोटे शहर सामाजिक रूप से घुलने-मिलने के भी काफी अवसर प्रदान करते हैं, लोगों के पास काफी समय होता है और वे एक-दूसरे का साथ ढूंढते हैं। बड़े शहरों, जहां मानव अस्तित्व एक निश्चित संकीर्णता में घिर गया है, के विपरीत देश के छोटे शहरों और कस्बों में समुदाय की अवधारणा अब भी काफी जीवित है। जब यह सदी शुरू हुई होगी, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि भारत के लोग छोटे शहरों में जाना चाहेंगे, लेकिन आज हम छोटे शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं। जीवन की गुणवत्ता, यात्रा में आसानी और ई-कॉमर्स-इन सबने इस बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है। अब चुनौती यह है कि छोटे शहरों की गुणवत्ता बनाकर रखी जाए और इन्हें शहरी फैलाव न बनने दिया जाए। विवेकपूर्ण शासन से ऐसा संभव है। इसके अलावा यह प्रवासन भारतीयों की प्राथमिकता और मूल्यों में ठोस बदलाव को भी दर्शाता है, जो इस पारंपरिक आख्यान को चुनौती देता है कि सफलता महानगरीय जीवन का पर्याय है। भारत के लोगों में आत्मबोध और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास तेजी से हो रहा है। पश्चिमी जीवन-शैली का अंधानुकरण थम गया है और लोगों ने उस जीवन-शैली की विफलता को पहचान लिया है। समुदाय और परिवार पर ध्यान केंद्रित करने वाली भारतीय जीवन-शैली ऐसी समृद्धि लाती है, जिसकी गणना नहीं की जा सकती।

आप का नजरीया

## मेयर पर 'सुप्रीम फैसला'

**देश** में सर्वोच्च अदालत और उसके जरिए न्यायपालिका जब तक जिंदा हैं, तब तक इंसाफ जरूर मिलेगा। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को 'कदाचार' का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया। न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला 'सुप्रीम फैसला' है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे। बेशक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव व्यापक होंगे, क्योंकि यह आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही सामने आया है और अदालत ने 19 दिनों में हस्तक्षेप कर फैसला सुनाया है। अब भाजपा की चुनावी साजिशों और मंसूबों पर लगातार सवाल उठाए जाएंगे। न्यायिक पीठ ने 30 जनवरी को घोषित मेयर का चुनाव खारिज कर दिया और अवैध मतपत्रों को 'वैध' करार दिया और उन्हीं के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) एवं कांग्रेस के साझा प्रत्याशी कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया। भाजपा के रणनीतिकार, पैरोकार दलीलें देते रहे कि चुनाव दोबारा कराया जाए। चूंकि भाजपा ने 'आप' के तीन पार्षदों को तोड़ कर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन दलीलों को खंडित कर कइयों को बेनकाब किया है। अकेला पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह इतनी बड़ी धांधली का 'मसीहा' नहीं हो सकता, जाहिर है कि इस साजिश में बड़ी मछलियां भी संलिप्त होंगी। अदालत के फैसले में उन्हें पर्दाफाश नहीं किया जा सका, लेकिन मसीह पर जो मुकदमा चलेगा, संभवतः उसके दौरान साजिशकार बेनकाब हों! 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने इस सीमित धांधली को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य दे दिया है कि जो मेयर के चुनाव में धोखाधड़ी कर सकते हैं, वे लोकसभा चुनाव में कितनी व्यापक धांधली कर सकेंगे, यह सोचकर ही रूह कांपने लगती है।

# सड़क दुर्घटना में युवा समाजसेवी व व्यवसाई की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारीसाखी के रहने वाले समाजसेवी व व्यवसाययी रामदेव यादव का सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जिनका अग्नि संस्कार रविवार को बारीसाखी शमशान घाट पर किया गया।शहर के चर्चित युवा टाईल्स व्यवसाई थे। शनिवार की देर रात चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में स्थित तपेज के पास अनियंत्रित बेकाबू कार पेड़ से जा टकराई। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन द्वारा चकमा देने के बाद उनकी स्विफ्ट कार अनियंत्रित हुई थी।घटना की जानकारी पाकर सदर पुलिस आनन-फानन में उन्हें ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख रांची रिम्स रेफर कर दिया।इस दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई।यादव शहर के सर्किट हाऊस के समीप और लिपदा बाईपास रोड में रिशु ग्रेनाइट नामक दो टाईल्स दुकानों का संचालन करते थे।मृदभाषी युवा व्यवसाई के आकस्मिक निधन की खबर के बाद जिला मुख्यालय समेत गिद्धौर प्रखंड में शोक की लहर है।विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण कर खुद का सफल व्यवसाय खड़ा किया था।उनके असामयिक मौत से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। इनका अग्नि संस्कार का कार्यक्रम बारिश सखी श्मशान घाट में किया गया।जहां चतरा जिले के साथ प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं व्यवसाय से जुड़े लोग आकर एक मिनट का मौन रखा।एवं परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने कि बात कही।

# ब्रेन हैमरेज से युवक की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

चतरा : स्थानीय लाइन मोहल्ला लियाकत अली रोड निवासी अब्दुल मन्नान का 26 वर्षीय पुत्र मो. नाहिद की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई। घटना रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। युवक की मौत ऐसे समय में हुई है, जब लोग शब-ए-बारात पर्व की तैयारियों में जुटे हुए थे। चारों ओर उत्साह और उमंग का वातावरण था। परंतु युवक की मौत से शब-ए-बारात की खुशी गम में तब्दील हो गई है। पूरा मोहल्ला शोक में डूबा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक नाश्ते के बाद अपनी भांजी को गोद में लेकर खिला रहा था। इसी क्रम में वह अचानक पीठ के बाल गिर गया। जिससे माथे में गंभीर चोट पहुंची। घर वाले उपचार को लेकर तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे। स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हजारीबाग मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। सोमवार को मृतक युवक को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# सनराइजिंग कोचिंग सेंटर में दसवीं की छात्र छात्राओं को दी गयी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** कुंदा चौक स्थित सनराइजिंग कोचिंग सेंटर मे रविवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के कामना के साथ विदाई दी गई। कोचिंग के संचालक सिंटू कुमार गुप्ता ने बताया की आज लगभग आठ वर्षो से लगातार विद्यार्थी अच्छे अंकों से सफल होते आ रहे है और मुझे आशा है की आगे भी बच्चे सफलता की सीढ़ी चढ़ते जाएंगे कोचिंग के शिक्षक अजीत मिश्रा ने बताया की इस कोचिंग मे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ जीवन शैली के बारे में बताया जाता है।सफलता की मंजिल तक पहुंचने एवं ज्ञान की दीपक जलाने हेतु विषयों पर विशेष जोर दिया जाता है। इसके साथ साथ उन्होंने बताया की बच्चे आने वाले कल का भविष्य है इसलिए अभिभावकों का यह कर्तव्य है की उन्हें पढ़ाई के प्रति अग्रसर रखें ताकि आने वाला भविष्य में बच्चे बेहतर मुकाम हासिल कर सके वही इस अवसर पर शुभ्रा इंस्टिट्यूट के संचालक गोपाल कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया।

# भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक टाउन हॉल में हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा टाउन हॉल में भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक मंडल उपाध्यक्ष सह संयोजक रामेश्वर मिस्त्री की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन सह संयोजक शिव प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक का प्रारूप लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला के रूप में था, जहां जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता एवं सांसद प्रतिनिधि सह इस अभियान के जिला सह संयोजक ईश्वर दयाल पांडेय ने उपस्थित लोगों के बीच अपने विचार को रखा। भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत एक से चार मार्च के बीच टंडवा मंडल के अंतर्गत सभी पंचायत के लाभार्थी के घर पहुंचकर संपर्क करने का अभियान सुनिश्चित किया गया है। लाभार्थी देश के प्रधान मंत्री नेंद्र मोदी के द्वारा संचालित केंद्र की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं उनके घर लाभार्थी की समृद्धि, मोदी की गारंटी से संबंधित पत्र देकर आभार जताया जायेगा । मौके पर विशेष रूप में किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणेश प्रसाद साहू उर्फ ललित साहू, वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह,अरुण पांडेय,राजमनी सिंह, नथु प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री धनंजय चौबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष बेबी देवी, संजू देवी, रूबी देवी, उपेंद्र चौबे दिनेश्वर साहू, विनय सिंह, जगदीश पासवान समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# मंत्री सत्यानंद भोगता विकास पुरुष के रूप में हुए विख्यात : देवलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा विधान सभा के राजद विधायक सह चंपाई सोरेन सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोगता के मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार पुरे झारखंड समेत चतरा विधान सभा का चहुमुखी विकास कर मंत्री इतिहास रचने का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि मंत्री ने अपनी राजनीतिक क्षमता को दरसाते हुए अनोखे जलवे लगातार देखा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी को मुद्दा विहीन कर दिया गया है।धार्मिक, आध्यात्मिक,सामाजिक समरसता का जो बीज मंत्री ने बोया है उस से विपक्ष के पास चुनाव में कोई मुद्दा नहीं रह जाएगा।सामाजिक न्याय सभी धर्मो को सम्मान, विकास,सभी गांव, ग्राम पंचायत का समुचित विकास जैसे मुद्दे अब चुनाव में नही चलेगा।श्री यादव ने यह भी





कहा कि राज्य स्तरीय इटखोरी महोत्सव की राशि में इजाफा इसी सरकार में संभव हुआ है।इतना ही नहीं सरकारी स्कूलों का नव निर्मित भव्य भवन सरकार की बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।इतना ही नहीं मुख्य मंत्री एक्सीलेंस स्कूल का स्थापना शीक्ष के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। हस्पतालों का जीर्णोद्धार और मूलभूत सुविधाओं से मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।वहीं ग्राम पंचायतओ में डीएमएफटी फंड से सड़कों का जाल बिछाया जाना एतिहासिक कार्यो में गिना जायेगा। ग्रामीणों को प्रखण्ड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन में सुविधा हो, जिससे व्यापार का साधन बढेगा। श्री देव लाल यादव ने यह भी बताया कि चतरा विधान सभा के प्रखण्ड चतरा कान्हाचट्टी,हंटरगंज,कुंदा और प्रतापपुर के लिए ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के लिए अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023ड्24 में पथों के सुदृढ़ीकरण कराए जाने की सिविकृति प्राप्त हो चुकी है। यह स्वीकृति ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत मुख्य मंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना के अंतर्गत मंजूरी मिली है।इस मंसूबा के तहत उक्त प्रखंडों में 34 सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाना है।इस से कुल132.70किलो मीटर सड़क की सुदृढ़ीकरण 45 करोड़ 53 लाख2हजार 3सौ61 रुपए से किया जाएगा।

## लातेहार की खबरें

# सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उग्रवादी कर रहे हैं सरेंडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड सरकार ने राज्य में उग्रवाद एवं नक्सलवाद पर अंकुश पाने एवं उग्रवादियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लौटाने के लिए वर्ष 2010 में आत्मसर्मपण नीति %नई दिशा% को लाया।इन 14 सालों में लातेहार में अब तक कई नक्सलियों ने आत्मसर्मपण कर समाज के मुख्य धारा में लौटे हैं।इधर लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जिले में आते ही उग्रवादियों व अपराधियों को तगड़ा झटका दिया है। अपने पुलिस नेटवर्क को मजबूत कर माने? तो इनका कार्यशैली विलकुल फिल्मी अंदाज में रहा है जिससे भाकपा माओवादी सहित कई छोटे छोटे स्प्रिंटर ग्रुप एवं अपराधिक गिरोहों को कमजोर किया है।वहीं विगत वर्षों में लातेहार पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोबरा झारखण्ड जगुआर के द्वारा संयुक्त रुप से माओवादियों के विरुद्ध ऑपरेशन डबल बूल एवं ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया गया। जिसमें कई माओवादियों ने इस क्रम में आत्मसर्मपण किया, बहुत से माओवादियों एवं उग्रवादियों की गिरफ्तारी हुई, कई मुठभेड़ में मारे गये। लातेहार में 2022 से अभी तक सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर अब तक कई नक्सली आत्मसर्मपण कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं। हाल के दिनों में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उनकी टीम को कई नक्सलियों को आत्मसर्मपण कराने में



सफलता मिली है।भाकपा माओवादी के जीतेंद्र नगेशिया,कल्टू उर्फ लालदीप गंझू उर्फ कार्तिक गंझू,टीएसपीसी के दशरथ उरांव उर्फ रौशन उरांव व अनिल उरांव जेजेएमपी मनोहर परहिया उर्फ विमलेश परहिया,कमलेश सिंह उर्फ मुकेश जी उर्फ नाना जी, संजय प्रजापति,रघुनाथ सिंह खेरवार, सतेंद्र उरांव उर्फ अभिमन्यु, दीपक भूईयां उर्फ कुन्दन जी नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने अन्य उग्रवादियों से भी सरकार के इस आत्मसर्मपण नीति का लाभ लेने एवं समाज के मुख्य धारा में लौटने की अपील की है। कई उग्रवादीयों को किया गया है गिरफ्तार लातेहार पुलिस के द्वारा छापामारी कर भाकपा माओवादी के जोनल कमिटि सदस्य व इनामी नक्सली चंदन सिंह खरवार, प्रदीप सिंह चेरो,बालक गंझू, किशोर सिंह उर्फ विमल व नंदकिशोर भारती उर्फ सुदर्शन जी सहित माओवादी, जेजेएमपी टीएसपीसी, पीएलएफआई के और कई अन्य नक्सलियों का भी गिरफ्तारी हुई है।अभी हाल में 23 फरवरी 2024 को जेजेएमपी संगठन के जोनल कमांडर 10 लाख के इनामी नक्सली मनोहर परहिया अपने एक अन्य साथी के साथ आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन,पंकज कुमार पुलिस उप-महानिरीक्षक, सीआरपीएफ पलामू जोन,रविशंकर मिश्रा समादेष्ठा आसूचना झारखण्ड सेक्टर, वेद प्रकाश त्रिपाठी, समादेष्ठा, 11 बटालियन, अभिनव आनन्द, द्वितीय समादेशक, सीआरपीएफ 214 बटालियन के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक लातेहार कि नाम सुर्खियों पर है। मनोहर के सरेंडर में रविशंकर मिश्रा का भी रहा योगदान समादेष्ठा आसूचना झारखंड सेक्टर रविशंकर मिश्रा ने कहा कि मनोहर कि सरेंडर से जेजेएमपी संगठन को भारी क्षति हुई है। निश्चित रूप से बाकी बचे नक्सलियों का मनोबल गिरा है। मनोहर के रिश्तेदारों व परिजनों को मेरे द्वारा एवं लातेहार एसपी के द्वारा आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के बारे बताया गया। क्या क्या लाभ है। इसकी जानकारी दी गई। तब इन्होंने हमलोगों से संपर्क साधा और एसपी अंजनी अंजन लातेहार एवं हमारा सहयोग से अपने एक अन्य साथी के साथ आत्मसमर्पण किया है।

# बाइक आमने सामने की हुई टक्कर में दो घायल, रिम्स रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत भगिया बरबाटोली ग्राम के पास दो बाइक के आमने-सामने टक्कर हो गई इस टक्कर में बाइक में सवार दो युवक छुटू मुंडा 30 वर्ष पिता भंडारी मुंडा भगिया और सानु उराव 14 वर्ष पिता सुरेश उराँव सिरम गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया घटना के संबंध बताया जा रहा है कि दोनों युवक सीरम ग्राम में हो रहे प्रोग्राम को देखने जा रहे थे तभी दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई. दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.

# अपराधियों ने घर में घुसकर गोली मारकर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोटी पंचायत के हेसला ग्राम निवासी ओमप्रकाश साव पिता प्रभु साव को गोली मारकर हत्या कर दी गयी. मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि लगभग दस बजे अज्ञात अपराधियों ने घर मे घुंसकर ओमप्रकाश साव को गोली मारी,और भागने मे कामयाब हो गये. घटना के समय ओमप्रकाश अपने पुत्र सुर्यास कुमार के साथ अपने कमरे में सोया हुआ था, पत्नी फुलमती देवी छोटे बेटे शुभम कुमार के साथ बगल के कमरे मे सोयी हुई थी. पुछे जाने पर उसने बताया कि अपराधी अंदर कैसे आया मालुम नही, पति की अवाज सुनकर उठी तो पति को खुन से लथपथ पाया, चिख पुकार सुनकर लोग आए व जख्मी ओमप्रकाश को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ ले गए जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. सुचना पाकर बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर सीएचसी बालूमाथ पहुँच कर शव को कब्जे मे लेकर थाना ले आए , न बालुमाथ एसडीपीओ आशुतोश कुमार के साथ सदलबल घटना स्थल पर पहुँच कर मृतक के घर गये,और पुरे तहकीकात मे जुट गए, इसी घटना क्रम मे घर से एक खोखा भी बरामद किया. .दुसरी तरफ आक्रोषित ग्रामीणों बारियातु पहुँच कर रांची चतरा मुख्य सड़क को फुलसु मोड पर भारी संख्या में सड़क पर बैठकर जाम कर दिया, सुचना पाकर एसडीपीओ आशुतोश कुमार व थाना प्रभारी राजा दिलावार पहुंचे व परिजनों व ग्रामीण से वार्ता कर परिजनों को हर संभव मदद करने तथा अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफतार करने का आश्वाशन देकर जाम हटवाया.

# लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम को लेकर भाजपा का कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को बाजार स्थित सामुदायिक भवन में मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने की। कार्यक्रम का आगाज पं दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी ने कहा कि भाजपा का यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है।यह कार्यक्रम आगामी एक मार्च से चार मार्च तक चलेगा जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा अनेक लाभकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचना है और केन्द्र सरकार के योजनाओं का लाभ उठाए लाभार्थियों से साझा करना है कि वह योजनाओं का लाभ पाकर कैसा महसूस कर रहे हैं साथ ही उनके साथ एक छोटा सा क्लिप बनाकर उसे सरल ऐप व नमो ऐप्स में डालेंगे। यह कार्यक्रम मंडल के संयोजक,सह संयोजक द्वारा किया जाएगा।वहीं मौजूद जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यह कार्यक्रम अभियान के रूप में चलाया जाएगा लाभार्थियों को बताना होगा कि क्षेत्र में अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं के लिए,गरीब गुरबों के लिए हमारे मोदी जी के मेहनत का प्रतिफल है। सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि फिलहाल भाजपा के कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से क्षेत्र की जनता को बताया जा रहा है और केन्द्र सरकार कई योजनाओं का लाभ जनता मिल रहा है साथ ही वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सैंकड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन दिलवाई गई है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष इश्वरी सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मनोज सिंह चेरो पारस जयसवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम मोदी आज करेंगे 18 रेल्वे स्टेशनों का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विकसित भारत का विकसित रेल 2047योजना के अंतर्गत धनबाद रेल मंडल में स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज/सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण विकास कार्यो को लेकर लातेहार जिला मुख्यालय के समीप स्टेशन अधीक्षक कार्यालय,लातेहार स्टेशन में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान धनबाद मुख्य परियोजना प्रबंधक रामसूरत सिंह ने बताया कि विकसित भारत का विकसित रेल 2047 योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर पास का शिलान्यास/ उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 26 फरवरी 2024 को किया जाएगा। इस अवसर पर रेलवे द्वारा देश भर में 2047 के विकसित भारत का विकसित रेल विषय पर आधारित कविता निबंध पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय के बच्चों के बीच किया गया।इन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों से कार्यक्रम के दिन प्रधानमंत्री डिजिटली रूप से जुड़ेंगे तथा विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।इसी कड़ी में धनबाद मंडल द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें 20 लोकेशन के 21 विद्यालयों के 3586 बच्चों ने भाग लिया तथा विजेता बच्चों को कार्यक्रम के अंत में सम्मानित किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इसी क्रम में धनबाद रेल मंडल के दो रोड ओवर ब्रिज 18 रोड अंडरपास के निर्माण का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा साथ ही कुल लागत 226,71 करोड़ , राज्य सरकार का 94,71 करोड़ है।

# सुदेश महतो का आगमन होते ही झूम उठे आजसू पार्टी के कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लातेहार विधानसभा अंतर्गत जालिमखुर्द-जगतारनपुर, बाजारटांड में आयोजित संकल्प सभा सह मिलन समारोह में भाग लिया। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा देवी यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर श्री महतो ने कहा कि सरकार ने ग्राम सभा की तिलांजलि दे दी है। जमीन के नीचे की खनिज संपदा पर सबकी नजर है, पर जमीन के ऊपर के लोगों की चिंता किसी को नहीं है। यही वजह है कि गांव के लोग दुःखी हैं। हर सुविधा शहर को पहले और गांव को बाद में मिला है। गांव की समस्या को समझने और जीने वाला गांव का लीडर चाहिए। उन्होंने कहा कहा कि राजनीति में आने का मकसद जगह भरना नहीं लातेहार की किस्मत बदलने वाला प्रतिनिधि चाहिए। लातेहार जिले के विकास के लिए किसी के पास रोडमैप नहीं। लातेहार तो नक्शे पर है लेकिन लातेहारवासियों का दर्द इस नक़्शे पर नहीं है। उन्होंने कहा कि आज विद्यालय में शिक्षक नहीं हैं, अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी है इस कुव्यवस्था से सरकार ने सबसे अधिक एससी, एसटी और ओबीसी समाज का नुकसान किया है। सुदेश महतो का हुआ भव्य स्वागत संकल्प सभा में शामिल होने रांची से लातेहार जाने के क्रम में विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी



अध्यक्ष सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीजूपाड़ा, कुडू, चंदवा आदि जगहों पर पार्टी अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, सुबोध प्रसाद, नीरू शांति भगत, लाल गुड्डु नाथ शाहदेव, अमित पांडेय, अनिता साहू, सतीश कुमार, बिकेश शुक्ला, अंजू महली, ओम भारती, इम्तियाज अहमद नाजमी, उमेश सिंह भोक्ता, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे। सुदेश ने किया आजसू पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन लातेहारः जिला मुख्यालय स्थित चंडनडीह स्कूल के बगल में शनिवार को आजसू पार्टी के जिला कार्यालय उद्घाटन किया गया। उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। इन्होंने ली सदस्यता मौके पर पार्टी के नीति एवं सिद्धान्तों से प्रवाभित होकर 31 चिन्हित आंदोलनकारी सहित दीप कुमार अजय कुमार गुप्ता, रितेश कुमार, वीरेंद्र कुमार साव, मनोज साव, अमित भुईया, सुशीला देवी, मेनका देवी, गफ्फर अंसारी, मो मुस्लिम अंसारी आदि ने सदस्यता ली।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन रविवार को दूसरा स्नातक और दीक्षांत समारोह कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। यह एक भव्य समारोह था जिसमें सम्मानित गणमान्य व्यक्ति और अतिथि शामिल हुए। कुल 56 स्नातक और 27 स्नातकोत्तरों ने अपनी डिग्री प्राप्त की और ÷टोपी फेंकने÷ सहित पारंपरिक समारोहों में भी भाग लिया। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने भीड़ को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने करियर निर्माण में तीन करुणा, चरित्र और योग्यता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपना उदाहरण दिया जिसने दर्शकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की परिस्थिति का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए और जिंदगी कभी भी हमारी परीक्षा ले सकती है। विशिष्ट अतिथि विभावि के परीक्षा नियंत्रक सुनील कुमार दुबे ने छात्रों से नैतिक बने रहने और अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध रहने और समाज की सेवा करने के लिए कहा। उन्होंने प्रत्येक छात्र को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने सभी स्नातकों और स्नातकोत्तरों को बधाई दी और उनके जीवन में सफलता की कामना की। उन्होंने चिकित्सा को एक महान पेशे के रूप में बताया और उनसे चिकित्सा बैज की मांगों और सम्मान पर खरा उतरने को कहा। प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण ने पढ़ने के महत्व पर बात की और इसे जीवन भर एक छात्र के रूप में पढ़ाना चाहिए ताकि कोई भी उत्कृष्टता हासिल कर सके। उप प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने छात्रों से समाज में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। सभी स्नातकों, उनके माता-पिता और परिवारों, एचसीडीएसएच के संकाय और कर्मचारियों के साथ कुल 350 लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

### दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा के समीप आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नये ब्रांच का शुभारंभ हुआ

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीप कल्याण आश्रम बरकट्ठा के समय पीलेक्स पब्लिक स्कूल के नए ब्रांच का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय गणित के एचओडी डॉ आरके द्विवेदी, इंटर साइंस कॉलेज के निदेशक डॉ बसंत कुमार झा, बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, प्रखंड प्रमुख रेनू देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, चंद्रकांत मैथेमेटिक्स के निदेशक सीके पांडेय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक शैलेश कुमार ने की संचालन प्राचार्य भूषण कुमार एवं नेहा कुमारी ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में छोटे-छोटे बच्चों ने भारत का बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा के गाने पर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बसंत झा ने कहा की आईलेक्स स्कूल का आज जिस प्रकार से विस्तार हो रहा है आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने माताओ से कहा की आप अपने बच्चो को पढ़ने के लिए प्रेरित करें दबाव देकर नही। आरके द्विवेदी ने कहा कि आप अच्छी शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण ज्ञान देते हैं वह सराहनीय है। साथ ही किताबी ज्ञान के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की अन्य गतिविधियो से बच्चो का मानसिक तौर पर मजबूत कर रहे हैं। कहा की अपने बच्चो को मोबाइल और टीवी से दूर रखने के लिए उन्हे आप प्रेरित करे। प्रमुख रेनू देवी ने कहा की शिक्षा को बदलाव का दूसरा रूप कहा जाये तो गलत नही होगा। बच्चो का प्रारंभिक शिक्षा घर के माहौल से तैयार होता है। प्रदीप प्रसाद एवं इन्द्रदेव प्रसाद ने कहा की आईलेक्स स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बरकट्ठा में बच्चों के लिए कुछ करने के लिए सोंचा है वह काबिले तारीफ है। बरकट्ठा में स्कूल के खुलने से अब बच्चो को आईलेक्स के नये ब्राच में अन्य जगहों की तरह सभी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि यमुना साव, सेवानिवृत शिक्षक नागेश्वर महतो, इंद्रदेव यादव, जय गोविंद प्रसाद, बसंत प्रसाद, सुषमा भारती, बरकट्ठा आईलेक्स के प्राचार्य कृष्णा चोपड़ा, सराज खान, जया अहमद, बिट्टू कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शब ए बारात को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में रविवार को सभी बारात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता ने की मोहम्मद सफीक खान ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण मने पटाखा फोड़ने से बचें ।

### सुदेश महतो ही झारखण्ड के युवाओं के दर्द को समझ सकते हैं : विकास राणा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय परिसदन भवन में आजसू पार्टी की हज़ारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि हज़ारीबाग विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी नमन कुमार ठाकुर उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सचिव सिद्धार्थ शंकर राय, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला उपथित हुई । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है और पार्टी सुप्रीमो झारखण्ड के युवाओं के दर्द को अच्छी तरह समझते हैं । आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमन्त्री सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में झारखण्ड में हृष्ठ की सरकार बनेगी ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला प्रशासन ने किया मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार,हजारीबाग व जिला प्रशासन के तत्त्वाधान में नगर भवन में जिला स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डालसा सचिव, निदेशक समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा ने कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन का एक मात्र उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार, सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है और हर जरूरतमंद तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ने आम लोगों से स्वयं योजनाओं का लाभ लेने एवं दूसरे को भी इसकी जानकारी देने की अपील की। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की जानकारी हो और उसका लाभ उठाकर वह अपने जीवन स्तर को बेहतर कर समाज को आगे बढ़ाएं। उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर जिले के सभी 16 प्रखंडो ने आयोजित किए जा रहे है उन्होंने शिक्षा और महिला सशक्तीकरण पर बल दिया और कहा कि इन दोनों की भूमिका समाज के उन्नति में अहम है। लोगों के शिक्षित होने से ही उनमें जागरूकता होगी और फिर वे अपने अधिकारों के प्रति जानकार होंगे और विकसित बनेंगे। और समाज के उन्नत होने से ही देश उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। इस तरह के शिविर के आयोजन का उद्देश्य को आगे भी बरकरार रखने की बात कही। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने आम लोगों से स्वयं योजनाओं का लाभ लेने एवं दूसरे को भी इसकी जानकारी देने की अपील की।



## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में दो दिवसीय सेमिनार का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन पदमा में हो रहे दो दिवसीय सेमिनार का आज समापन समारोह दीप प्रज्वलन एवं मां विंध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक तथा विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सीसीडीसी प्रो डॉ केके गुप्ता ने सेमिनार के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक अपने-अपने विचार रखें इन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने को प्रेरित किया।इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के प्राचार्य एवं व्याख्याता शोधार्थी 24 फरवरी से ही महाविद्यालय में आए हुए हैं।उन्हे देश के विभिन्न शिक्षाविदों वक्ताओं के अभिभाषण एवं विचारों से सीखने और जानने का मौका मिला।सेमिनार में छात्रों द्वारा गीत संगीत भी प्रस्तुत किए गए।

प्रमुख वक्ताओं में डॉ सुभाष चंद्र राय जो नॉर्थ ईस्ट सेंटर विश्वविद्यालय से आए हुए हैं उन्होंने शिक्षा के गुणवत्ता महत्व एवं उसके प्रयोग तथा शिक्षा को हम कैसे आत्मसात करें इस बारे में अपना विचार रखा। संस्था के संचालक मंडल के चेयरमैन डॉ अनूप कुमार मेहता ने भी छात्रों को संबोधित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ हरि कुमार ,निदेशक रवि प्रकाश,संयुक्त सचिव अजीत कुमार के अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने शिक्षाविदों का अभिवादन एवं स्वागत किया ।सेमिनार का संचालन डॉ. तनुजा गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो सुनील कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।जैसा कि मालूम है मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन विनोबा भावे विश्वविद्यालय का एकमात्र ह्रष्ट ग्रेडिंग अग्रणी महाविद्यालय है जहां एम.एड, बी.एड एवं डीएलएड की पढ़ाई एक साथ होती है। सेमिनार को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. जितेंद्र झा ,प्रो नीतू प्रोअंशु, प्रो सारिका ,प्रो सनी देव , प्रियंका ,प्रोराजेश ,प्रो अविनाश , मून कुमारी के साथ साथ शिक्षककेत्तर कर्मी तथा प्रशिक्षुओ ने सराहनीय योगदान दिया।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखण्ड मुख्यालय,विष्णुगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प का उद्घाटन जिला सब जज - 6 विवेक कुमार,बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ विकास कुमार टुडु,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,जिप सदस्य शेख तैयब आदि ने संयुक्त तौर पर किया। मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प के संबंध में जानकारी देते हुए जिला सब जज-6 विवेक कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के द्वारा गरीब असहाय लोगो को कानूनी सलाह निशुल्क प्रदान की जाती है।जिसके तहत जरुरतमंदों को अधिवक्ता भी मुहैया कराया जाता है। इस कार्यक्रम को ले प्रखण्ड स्तर पर में पीएलवी नियुक्त किया गया है। पीएलवी के द्वारा कानूनी सलाह के जरिए ग्रामीणों को कानून के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सुलभ न्याय प्रदान करने को ले सुलहनीय मामलों में मध्यस्थता कर वाद-विवाद का निपटारा किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई।मौके पर राज्य सरकार की लागू योजनाओं से सम्बंधित दस्तावेज तथा डेढ़ करोड़ से ऊपर की परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,पंसस मुन्नी देवी, प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी,रामजन्म राय, बीपीओ राजमोहन वर्मा,मुखिया लक्ष्मी कुमारी,दुलारचंद पटेल,निर्मला देवी,हेमंती देवी के अलावा पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण उपस्थित थे।




## प्रतीक्षा-धैर्य व श्रद्धा की त्रिवेणी हैं माता शबरी : मुन्ना सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड के मोरांगी पंचायत के नावाटाड़ में माता शबरी जयंती पर आयोजित भव्य मेले में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जाने माने समाजसेवी मुन्ना सिंह उपस्थित हुए एवं माता शबरी की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात् माता सबरी सेना के जिला अध्यक्ष निर्मल राम ने फूल माला व अंगवस्त्र से श्री सिंह का स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने माता शबरी को याद करते हुए कहा कि माता शबरी प्रभु श्रीराम की अनन्य भक्त के साथ साथ प्रतीक्षा-धैर्य और श्रद्धा की त्रिमूर्ति थीं। उनका संपूर्ण जीवन हर युग में जनमानस के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

साथ ही शबरी सेना के जिला अध्यक्ष निर्मल राम ने कहा यहां बहुत जल्द एक मठ का निर्माण करवाया जाना है।

ज्ञात हो कि हजारीबाग में सन् 2018 में माता शबरी सेना का गठन हुआ है जिसमें शबरी माता के नाम से लगातार मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य समाज को एकजुट बना कर सबका उत्थान करना है।

कार्यक्रम में रोहित राम, जिला अध्यक्ष निर्मल राम, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुदर्शन राम, पुजा समिति अध्यक्ष सुरज कुमार, पंकज कुमार, प्रकाश कुमार, राकेश राम, बजरु राम,भेदार राम, राहुल राम,पुलेश राम, सरोज राम, दिनेश राम, महेंद्र राम, रंजित राम, अंकित राम, उपेंद्र कुशवाहा,विक्की कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।



## बलिया को हराकर एमपीएल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना बीएमसी बादम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत महुँगाई कलां पंचायत के सिमराटांड क्रिकेट मैदान में एमपीएल महुँगाई कलां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बीएमसी बादम बनाम बलिया के बीच खेला गया। बीएमसी बादम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मुकाबले में बलिया की टीम को पराजित कर टूर्नामेंट का चैंपियन बना। बलिया ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बलिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 70 रन ही बना सकी। बीएमसी के तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए दानिश, शिहान और अकरम ने दो दो विकेट हासिल किया। बलिया के तरफ से नाजिम ने 24 गेंदों में दो छक्के और दो चौके की मदद से सर्वाधिक 28 रन बनाया।

जवाब में बीएमसी टीम 10.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर आसानी से लक्ष्य को हासिल किया। बीएमसी के तरफ से अकिब ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 27 रन बनाया। मुख्य अतिथि अंकित राज ने टूर्नामेंट के विजेता बीएमसी बादम की टीम को बधाई दिया। खेल में बढ़ावा देते रहे हैं और आगे भी इससे बेहतर सुविधा खेल के लिए उपलब्ध करवाने के लिए कृत्संकल्प हैं। जल्द ही विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से सभी पंचायत के टीम को क्रिकेट किट उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि प्रखंड के खिलाड़ी राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रखंड का नाम रौशन करे। मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज एवं विशिष्ट अतिथि महुँगाई कलां पंचायत की मुखिया बेबी कुमारी के हाथों विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका मो मोफिद और अख्तर ने निभाया एवं स्कोरर की भूमिका पिंटू राणा ने निभाया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया बिगल चौधरी, उप मुखिया सुबोध सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राम किशोर शुक्ला, ननकु राम, तंजील फैसल, निरंजन साव, मोहन साव, जमुना साव, कृष्णा साव, सूरज सिंह, पप्पू कुमार, सतीश कुमार टाइगर, अमीत कुमार, नवाज शरीफ, कासीम रजा, मोहित आलम, कलीम अंसारी, सुमित शुक्ला, तोकिर आलम, अरबाज अंसारी, एजाजुल अंसारी, दीपक साव, केदार यादव, मोहम्मद खालिद सहित सैंकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।



## करियातपुर में न्यू मिर्ची फैमली रेस्टुरेंट का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में न्यू मिर्ची फैमली रेस्टुरेंट खुला। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, विहिप सह जिला मंत्री गुरूदेव गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि शहर में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते है। वहीं मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा की मनोरंजन की दृष्टि से एक भी अच्छा रेस्टोरेंट नहीं था। इनके खुलने से आसपास के लोग लाभान्वित होंगे।संचालक संजीत केशरी ने कहा कि रेस्टोरेंट में चाइनीस आइटम के साथ भोजन की भी सुविधा है। मौके पर समाजसेवी प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, विजय यादव, विकाश यादव, भाजपा युवा नेता रितेश केशरी, करियातपुर उपमुखिया संतोष केशरी, सुरेश स्वर्णकार,संतोष यादव,कपिल केशरी, बाबूलाल पासवान, सकलदेव ठाकुर, मुकेश यादव, राजेन्द्र यादव, कमलेश कुशवाहा, अभिषेक केशरी, छोटी पंडित, संतोष केशरी, उमेश प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन केशरी, प्रमोद केशरी, मनोज स्वर्णकार, संतोष केशरी, भुपेंदर यादव, किशोर राणा, केशो यादव, राजेन्द्र केशरी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया की मौजूदगी में संत निरंकारियों ने बरहीडीह छठ घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को संत निरंकारी मिशन की ओर से बरही ब्रांच नम्बर यूनिट नम्बर 1104 के तत्वावधान में बरहीडीह छठ घाट पर सफाई एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में स्थानीय मुखिया समशेर आलम मुख्य रूप से मौजूद थे। इसके अलावा आरपी सिंह भी उपस्थित रहे। निरंकारी मिशन के तत्वावधान में अमृत परियोजना के तहत स्वच्छ जल मन अभियान का आयोजन किया गया। सेवादल के संचालक हरेंद्र सिंह की देखरेख में दर्जनों सेवादल के महिला पुरुषों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। मुखिया समशेर आलम ने इस अभियान की प्रशंसा की और कहा कि स्वच्छता का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है जो स्वयं, समाज, और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है।

स्वच्छता अपनाकर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और अच्छे स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। मौके पर संचालक हरेंद्र सिंह, शिक्षक वरुण साव, इंचार्ज नीलू देवी, सुमित्रा देवी, निशा देवी, संजय सिंह, सुधीर सिंह, बिरजू केशरी, रामभजन साव, जीवलाल शर्मा, निर्मल साव, झड़ी यादव, आनिल भगत, नीरज कुमार, बिनोद कयमार, रामधनी राणा, सुंदरी देवी, विष्णुधारी यादव, सरयू सिंह, इंदौ सिंह, छत्रधारी प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, अनिता साहनी, मुन्ना साव, परमेश्वर ठाकुर, शारदा देवी सहित संत, महात्मा एवं सेवा दल के लोग मौजूद थे।



## यूथ विंग द्वारा 28 फरवरी को रक्तदान शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** यूथ विंग के द्वारा आगामी 28 फरवरी को लक्ष्मी सिनेमा हॉल कैंपस में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इससे पूर्व शनिवार को देर शाम पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।रक्तदान शिविर के दौरान 130 यूनिट से भी अधिक रक्त संग्रह करने का पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा लक्ष्य रखा गया है। संस्था के द्वारा डीसी, एसपी, सदर विधायक, डीडीसी एवं एसडीओ सहित कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा जिसके जरिए वह अपने परिजन को एक वर्ष तक, एक यूनिट रक्त उपलब्ध करवा सकते हैं। रक्तदान शिविर को लेकर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से लगातार संपर्क कर उन्हे रक्तदान को प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान शिविर में हर वर्ग का पूर्ण सहयोग मिल रहा है,उम्मीद है रक्तदान ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। वहीं यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि 18 वर्ष से 65 वर्ष आयु के हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए इससे बड़ा कोई दान नहीं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारणी सदस्य अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, प्रणीत जैन समेत विंग के कई सदस्य मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश कुमार पवन वा विशिष्ट अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी सह अतिरिक्त सिविल जज निखत आयशा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस दीदियों स्वागत गान के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत बीडीओ मनीष कुमार एवम् सीओ अदिति गुप्ता के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारी के द्वारा लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, वा अन्य कानूनी जानकारी दी गई। इस शिविर में 37 लाख 80 हजार रुपया परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बिशसुत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, अधिवक्ता भाई मुकेश कुमार, अमरनाथ मिश्र, उपप्रमुख कौशल्या देवी, बीपीओ स्वाति वर्मा सहित कई अधिकारी एवम् अन्य लोग उपस्थित थे।



## बरही अनुमंडलीय अस्पताल समेत विभिन्न जगहों पर पीएम के संवाद का हुआ सीधा प्रसारण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के हेल्थ सेक्टर में कई सौगात दिए, जिसका ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस दौरान विभिन्न अस्पतालों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जा रहा था। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल समेत गोरिया करमा पीएससी, चंपाडीह पीएससी, पदमा पीएससी, गारुकुरा आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, सरेया आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, पर्तन आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, कुंडवा आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, पांचमाधव आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, करियातपुर आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, पड़रिया आयुष्मान आरोग्यम केंद्र, गुडियो आयुष्मान आरोग्यम केंद्र में टीवी के माध्यम से ऑनलाइन प्रसारण देखा गया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के जनप्रतिनिधि, सहिया, सेविका व ग्रामीण शामिल हुवे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## बाबा बुचा बांध की सुंदरीकरण के लिए एक करोड रुपए की स्वीकृति : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातू आस्था के प्रतीक बाबा बुचा बॉध के सुंदरीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पिछले दिनों सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला खनिज विकास निधि की बैठक रामगढ़ में हुई।जिसमे बाबा बुचा बॉध परिसर के सुंदरीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए लगभग एक करोड़ रूपया की स्वीकृति प्रदान की गई है और जिला प्रशासन रामगढ़ ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द इस कार्य का निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए ज्ञात हो कि पिछले बर्ष सांसद जयंत सिन्हा ने बाबा बुचा बॉध परिसर का भम्रण किए थे।तथा प्रबंधन कमेटी ने आग्रह किया था की बाबा बुचा बॉध परिसर का सुंदरीकरण होना चाहिए और एक आवेदन दिया गया था।आवेदन के आलोक में सांसद ने जिला प्रशासन को अनुशंसा किया था और इसी अनुशंसा के आलोक में बाबा बुचा बांध परिसर का सुंदरीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ रूपया की स्वीकृति किया गया।

## वार्ड नंबर छः में सुनी गई मन की बात का 110 वां संस्करण, कुंटू बाबू रहे उपस्थित




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का कार्यक्रम मन की बात का 110 वें संस्करण को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू की उपस्थिति में वार्ड नंबर छः के बूथ नंबर 49,50,53,54,55 के बूथ अध्यक्षों ने सम्मलित रूप से सुना। देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नागरिकों की भूमिका और टेक्नोलोजी के सहारे आधुनिक होता भारत की तस्वीर को उकेरता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस संस्करण को सुनने वालों में मुख्य रूप से बूथ अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी,संजय श्रीवास्तव,अरविंद सिंह,नवलकिशोर शर्मा,योगेंद्र ओझा,अमरेंद्र कुमार सिंह,ईश्वर पासवान,सुरेंद्र पासवान,चिन्मय कुमार इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थें।

## संस्कारी मास्टरजी अभियान का शुभारंभ आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान एथिकल वोटिंग अंतर्गत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के मद्देनजर आज दिनांक 26 फरवरी 2024 को प्रातः है 11:00 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार के द्वारा #SanskariMasterJi अभियान की शुरुआत की जाएगी। अभियान के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा ऑनलाइन माध्यमों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर संस्कारी मास्टर अभियान से संबंधित वीडियो सहित अन्य सामग्रियां पोस्ट की जाएंगी। जिसके उपरांत सभी लोग अपराह्न 12:00 बजे से 01:00 बजे के बीच उक्त सामग्रियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से #SanskariMasterJi के साथ पोस्ट कर अभियान को सफल बना सकते हैं। इसके साथ ही सभी लोग अभियान को सफल बनाने हेतु अपने द्वारा किए जाने वाले पोस्ट में @ceojharkhand एवं @ecisveep को भी टैग कर सकते है।




## बाइक से गिरकर दो बाइक सवार बुरी तरह से हुए घायल



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा रिभर साइड दोमुहान पुल समीप एक बाइक में दो लोग तेज रफ्तार के कारण गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये।जिसे लोगों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से रामगढ़ नई सराय सीसीएल अस्पताल भेजा गया ।बताते चलें कि मेघनाथ बेदिया उम्र 52 वर्ष सौदा डी निवासी अपने साथी राजकुमार राजभर उम्र 53.54 वर्ष रिभर साइड निवासी को घर छोड़ने के लिए आ रहा थाद्य तभी दोमुहान पुल के पास तीखे मोड़ के पास बाइक का बेलेंस बिगड़ गई और डिवाइडर से टकरा गया और दोनों बुरी तरह से घायल हो गया।

## क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता : थाना प्रभारी



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर गोला में रविवार को थाना प्रभारी फौजान अहमद ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधी व प्रबुद्धजनों के साथ पुलिस पब्लिक की परिचयात्मक बैठक किया। बैठक में सभी ने एक एक करके अपना अपना परिचय दिया। सभी पंचायत के जनप्रतिनिधी ने अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। इस बीच गोला डीभीसी चौक में आए दिन जाम लगने की समस्या पर चर्चा करते हुए सड़क से ठेला व वाहनों को किनारे खड़ा करने के संबंध में बताया। इस दौरान नए थाना प्रभारी ने क्षेत्र में अमन चैन, शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने पुलिस और पब्लिक के बीच दोस्ताना रिश्ता कायम रखने की बात कहा। मौके पर इंस्पेक्टर पंकज कुमार ए एस आई एस रंजन ओझा, जिला पार्षद जलेश्वर महतो,चंद्रशेखर महतो बजरंग महतो, मो वहाजुद्दीन अंसारी, जाकिर अख्तर, मुखिया नुरुल्लाह अंसारी द्य,रामबिनय महतो,सुरेश कुमार रजक, सुनिल कुशवाह,कपिल महतो,मनोज कुमार मिश्र मो एसानुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अनिकेत प्रकरण को लेकर भाजपा द्वारा 27 को सुभाष चौक पर धरणा प्रदर्शन कर सांकेतिक आंदोलन की हागी शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी की एक आपात बैठक जिलाअध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में हुई ।जिसमें 21फरवरी को रामगढ़ थाना में घटित घटना में अनिकेत भुईयां की सन्देहास्पद मौत पर हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा अपना विरोध जताते हुए इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग झारखंड सरकार से की है । पुलिस प्रशासन द्वारा अनिकेत भुईयां के पीड़ित परिवार को उचित न्याय न मिल पाने की बात कहीं गई हैं। सांसद महोदय द्वारा अनिकेत भुईयां की मौत को पुलिस प्रशासन द्वारा बताए जा रहे आत्महत्या की घटना को निराधार बताते हुए इसे पुलिस के द्वारा अनिकेत को अत्यधिक टॉर्चर करने तथा बेरहमी से मारपीट के कारण ही मौत की वजह बताया गया हैं।सांसद द्वरा पुलिसिया कार्यवाई को अनिकेत के परिवार को दिए गए लिखित मुआवजा के पत्र को भी अन्धकार में रखने के साथ सिर्फ अपनी सांत्वना प्रकट करने का नाटक बताते हुए मृतक के शव को परिवार को सूपूर्द करने की जल्दबाजी मात्र बताया गया ।भारतीय जनता पार्टी पूर्ण रुप से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हैं और न्याय नहीं मिलने तक पार्टी सड़क से सदन तक इस मामला की सत्यता जनता के सामने लाने को दृढ़संकल्पित हैं।प्रतिपक्ष के नेता श्री अमर बीउरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास के द्वारा पूर्व में पीड़ित परिवार से मुलाकात करके घटना की कड़ी निन्दा करते हुए पुलिस कार्रवाई पर प्रश्न खडें कर चिन्ता जताई हैं।पार्टी के श्रेष्ठ नेतागण के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को कटिबद्ध है। जिसके निमित्त पार्टी अपने अनुसूचित जाति मोर्चा ओर जनमानस के साथ कदम से कदम मिलाकर हर सुख दुख मे साथ खड़ी हैं।भारतीय जनता पार्टी रामगढ जिला आदरणीय सांसद जयंत सिन्हा, प्रतिपक्ष के नेता और विधायक अमर बाउरी, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास एवं अन्य पार्टी के श्रेष्ठ नेतागण की उपस्थिती में दिनांक 27 फरवरी को दिन के 11:00बजे सुभाष चौक पर धरणा प्रदर्शन कर सांकेतिक आंदोलन की शुरूआत करेंगी। मौके पर रामगढ़ छावनी मण्डल अध्यक्ष शिव कुमार महतो, स्टमोर्चा के अध्यक्ष बिनोद राम, प्रदेश कार्यसमिती सदस्य प्रकाश मिश्रा जी, रंजीत सिन्हा जी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पाण्डेय ,जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, महामंत्री रजंन फौजी, बिनोद मिश्रा उपस्थित रहे।

## सिरका में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 15 के पंचायत भवन सिरका में अली ब्रोस वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर रांची के मुख्य रूप से डॉक्टर पी मुखर्जी ( सलाहकार चिकित्सा और मधुमेह विशेषज्ञ) एवं डॉक्टर एस ए परवेज ( नेत्र चिकित्सा और परामर्श) के द्वारा 150 लोगों का स्वास्थ्य एवं आंख की जांच की गई। सभी लोगों का स्वास्थ्य संबंधित उचित जानकारियां भी दी गई । नेत्र डॉक्टर के द्वारा आंखों के लिए उचित चश्मा भी प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य उपस्थिति मोहम्मद सिकंदर अली मोहम्मद अख्तर अली ताहिर अंसारी नसीम अंसारी इस्लाम अंसारी इरफान अंसारी साजिद खान गुलाबी खातून आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ थाना हाजत में युवक की मौत प्रकरण में 2 एएसआई और 1 कांस्टेबल सस्पेंड




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना हाजत में अनिकेत का शव फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया था। अब इस मामले में दो एएसआई और एक कांस्टेबल को जांच के दौरान निलंबित कर दिया गया है. वहीं मामले की सीआईडी जांच भी शुरू की गई है. साथ ही प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश की आदेश पर अलग से सीजेएम जांच कर रहे हैंरामगढ़ एसपी पीयूष पांडे के द्वारा एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में एएसआई संजय कुमार सिंह , ऑन ड्यूटी ऑफिसर एएसआई उदय कुमार यादव , सिपाही प्रताप कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर विभिन्न वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम 25 फरवरी 2024 को संपन्न हुआ । कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम की शुरूआत की गई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ ,अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी सत्र-2 में सभी शोधार्थी एवं विधार्थियो ने अपने विषय पर विचार प्रस्तुत किया। कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी अतिथियों को हार्दिक अभिनंदन किए और कार्यक्रम की काफी सराहना की। सफल कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग को हार्दिक बधाई दी। राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय डॉ अरविंद कुमार ने कराया एवम स्वागत भाषण डॉ कारलोस टोप्पो ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड शिक्षा विभाग के प्रो. (डॉ.) विमल किशोर ,कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा शिक्षा विभाग के प्रो (डॉ) शिशिर कुमार बेज, ताम्रलीपत महाविद्यालय विद्यासागर विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के डॉ. अजय बाबू उपस्थित,भारतीय ग्रुप ऑफ एजुकेशन मांडर रांची के डीन डॉ. उपेंद्र उपाध्याय उपस्थित थे।इस सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: संभावनाएं एवं चुनौतियों विषय पर अपने -अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति महोदय प्रो.( डॉ.) एम.राज़ीउद्दीन ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सेमिनार रिपोर्ट डॉ.उमेश चंद्र महतो ने किया।राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता शिक्षा विभाग विभागाध्यक्ष डॉ.अंजू तिवारी , व्याख्याता डॉ. रंजना पाण्डेय, डॉ. अमरेश पांडेय, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. आशा प्रकाश,अनिल कुमार केशरी ,राहुल चंद्र मंडल ,बुद्धदेव महतो एवं सभी संकाय के शिक्षकों के सहयोग से पूर्ण हुआ।कार्यक्रम के संचालन शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ. अनामिका कुमारी और अर्चना राणा ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन उषा किरण श्रीवास्तव ने की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार,सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार,विभिन्न विभागों संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण, देश के विभिन्न राज्यों से आए शोधार्थी ,छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### पलामू टाइगर की टीम ने डे नाइट टुर्नामेंट फाइनल मैच पर कब्जा किया

## बेहतर खेल खेलने वाले खिलाड़ियों का हरसंभव सहयोग किया जाएगा : निशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** केकेसी पोडा टेम्पल ब्लू स्टेडियम में जनता दरबार फाउंडेशन के तत्वावधान में तीन फरवरी से शुरुआत हुए इस डे नाइट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार रात्रि में खेला गया। वहीं इस टुर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता मोर्चा की केन्द्रीय महासचिव सह समाजसेवी निशी पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शूभारंभ कराया। इसदौरान सर्वप्रथम मार्डन चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल सयाल की छोटी-छोटी बच्चीयो ने अतिथियों का स्वागत नृत्य व गीत प्रस्तुत कर किया। वहीं मौके पर मूख्य अतिथि निशी पांडेय ने कहा कि क्षेत्र में बेहतर खेल खेलने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। आज भी इस क्षेत्र में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी मौजूद हैं। बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों को हमारी ओर से हरसंभव मदद किया जाएगा। वहीं इस डे नाइट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पलामू टाइगर टीम व दीपक इलेवन उरीमारी टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पलामू टाइगर की टीम ने छह विकेट गंवाते हुए 112 रन का लक्ष्य दिया। तो वहीं दुसरी पारि खेलते हुए दीपक इलेवन उरीमारी की टीम ने 12 ओवर में 107रन ही बना सकी। इस तरह पलामू टाइगर टीम ने चार रनों से डे नाइट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।वहीं इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच राजा तिवारी,मैन ऑफ द सीरीज सागर, बेस्ट बैटमैन मोनू सिंह, बेस्ट बोलर तुषार , बेस्ट किपर आयुष सिंह को दिया गया। वहीं मैच के अंतिम में समाजसेवी निशी पांडेय ने विजेता टीम को 51 हजार नगद व ट्राफी एवं जर्सी देकर सम्मानित की एवं उपविजेता टीम को 30हजार नगद व ट्राफी एवं जर्सी देकर सम्मानित की। मौके पर विशिष्ट अतिथि में आजसू के तिवारी महतो, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, हेन्देगीर पीओ रामेश्वर मुंडा, गुड्डु यादव,डा शशी सिंह, पिंटू सिंह, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह मौजूद थे।वहीं इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में जनता दरबार फाउंडेशन के अभय सिंह, अजित यादव, मदन, मुकेश, राम पांडेय, मो अब्दुल, टोनी, चिंटू, अनिल, सुरज, संतोष, कुलदीप, अनुज, दीपक, रंजीत, सोनू, विकास, पवन, अनुप, गुड्डु, जयपाल, सुमन, पुनपुन, नीरज, धर्मेंद्र, राजकुमार, गोलू, चंदन, सुदर्शन आदि का योगदान रहा।

## पडरिया में मासस की बैठक में बिजली, पानी सड़क, स्वास्थ, रोजगार की उठी आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के समीप प्रखंड मांडू गांव पडरिया में रविवार को मार्क्सवादी समन्य समिति (मासस) की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता बीसीकेयू के सिरका शाखा उपाध्यक्ष अशोक बेदिया व संचालन रेणु देवी ने किया। बैठक में वक्ताओं ने गांव में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं के स्वावलंबी और क्षेत्र के विकास के लिए अपनी बातें रखीं। कहा गया कि जब तक ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हाथों को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक जिला व प्रदेश के ग्रामीण हालत खुशहाल नहीं हो पाएंगे, वक्ता अशोक बेदिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी जवलंत समस्याएं हैं, जिससे निपटने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत हैं, बगल में अरगड्डा कोयला क्षेत्र होने के बावजूद सीएसआर से अभी भी कई योजना मिलने की आवश्यकता हैं, खासकर रोजगार के साधन लोकल सेल में अभी भी ग्रामीण महिलाओं समेत कई वर्गों को पूरी तरह अधिकार नहीं मिल पाए हैं। अंत में सर्वसम्मति से मासस महिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पडरिया समिति के अध्यक्ष शोभा देवी, सचिव रेणु देवी, कोषाध्यक्ष सोनी देवी बनी, जबकि सदस्यों में गीता देवी, सुषमा देवी, रामणी देवी, उर्मिला देवी, सरिता देवी, बिलखी देवी, मालो देवी, सालमतिया देवी, ललिता देवी रही। मौके पर ग्रामीण महिलाओं में शोभा देवी, गीता देवी, शारदा देवी, रामणी देवी, सधनी देवी, उर्मिला देवी, सोनी कुमारी, ललिता देवी, बीरसी देवी, रीना देवी, सुषमा देवी, कौशल्या देवी, कुंती देवी, झिमली देवी समेत कई उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता हुई आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** चुम्बा अंबेडकर क्लब के समीप श्री श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह में शनिवार रात्रि 8 बजे नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता आयोजित हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का उद्घाटन बड़काचुम्बा मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंसस महेंद्र कुमार दास व संचालन शिक्षक पिंटू कुमार दास ने किया। इसमें सफल प्रतियोगी प्रथम संजना ग्रुप में दिपाशा, संजना, खुशी, निहारिका, द्वितीय आराध्या राज, तृतीय गौरी ग्रुप में स्वाति, गुंजन रही। इस अवसर पर बच्चों के बीच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में दीप्ति वर्षा ग्रुप, कनक ग्रुप, सिंगल में जया रानी, आरोही ग्रुप, वर्षा रागिनी नेहा ग्रुप, सिंगल में आराध्या रंजन, सिंगल में मेघा, जिया ग्रुप, ऐयका दास ग्रुप, आयुष ग्रुप, सिंगल में कोमल, सिंगल में सृष्टि, पिंटू ग्रुप, सिमरन ग्रुप, सिंगल में निधिका, परी ग्रुप, वर्षा ग्रुप, आदिया राज, सिंगल में सिमरन कुमारी, ममता कुमारी, परी ग्रुप, बिपाशा ग्रुप, आयका ग्रुप, आर्यन ग्रुप यादि भाग लिए। निर्णायक मंडली शिक्षक रामसेवक कुमार दास, मनोज कुमार, लालधारी राम के द्वारा चयन किया गया। रविवार को रात्रि 8 बजे से संत शिरोमणि रविदास जयंती पर अभिभाषण एवं रात्रि 9 बजे नागपुरी सांस्कृतिक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजित होगा। इस मौके पर गुरु संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह को सफल करने के लिए कार्यकारणी कमेटी के अध्यक्ष बाबा सिकेन्द, सचिव जोगेन्द्र रविदास, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार रवि, संयोजक बीरेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार दास, उप सचिव सुमिल कुमार दास, मिडिया प्रभारी जयलाल रविदास, संगठन सचिव प्रेम रविदास, उप संगठन सचिव सूबेदार कुमार दास, सदस्य अरविंद कुमार दास, सदस्य अरुण कुमार दास, सदस्य ललित कुमार दास, सदस्य बीरन कुमार दास, सदस्य सिकेंद्र राम, सदस्य कुंदन कुमार दास, रविदास समाज के सचिव शिवचंद रविदास, कोषाध्यक्ष सकलदेव रविदास, जितेन्द्र कुमार दास, शिक्षक रामसेवक कुमार दास, गणेश राम, अंकित कुमार दास, रामसकल रविदास, अशोक रविदास समेत कई बच्चे, महिलाएं, पुरुष आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन का आज होगा सौंदर्य करण का उद्घाटन व शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 26 फरवरी को देश के 554 रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण, अपग्रेडेशन कासिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। झारखंड के रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन का भी समुद्रीकरण और अपग्रेडेशन का शिलान्यास करेंगे। इसकी तैयारी रेलवे द्वारा जोरदार ढंग से की गई है। लगभग 8 करोड रुपए की लागत से रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। इस संबंध में रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के प्रबंधक जीके मिश्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि, कल 26 फरवरी के पूर्वाह्न 10:30 बजे से स्टेशन पर कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण हो रहा है । यहां यात्रियों के सुविधा के लिए विस्तार किया जा रहा है। दो नए यात्री सेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा स्टेशन पर दोनों और दोनों लिफ्ट का निर्माण कराया जा रहा है । स्टेशन के प्रतीक्षालय का अपग्रेडेशन और सौंदर्यकरण कराया जा रहा है । रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन में आने के लिए गौशाला जाने वाली मार्ग से एक एंट्री गेट बनाया जा रहा हैद्य साथी वहां पर टिकट घर भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए बनाए गए नई रेलवे ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन कल होगाद्य इस राष्ट को समर्पित किया जाएगा।प्रधानमंत्री के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन और दो बड़े वीडियो स्क्रीन लगाए गए हैंद्य जहां से प्रधानमंत्री का सीधा कार्यक्रम रिले किया जाएगाद्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12:30 बजे के लगभग उद्घाटन और शिलान्यास ऑनलाइन करेंगेद्य इस कार्यक्रम को लेकर शहर के कई गण मान्य लोगों को बुलाया गया है द्य कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी जोर-शोर से लगे हुए हैं।

## बड़का चुम्बा पंचायत भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सागर महतो के नेतृत्व में बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा और बूमरी पंचायत में हजारीबाग लोक सभा चुनाव को लेकर जल्द से जल्द बूथ ऐजेंट का गठन एवम संगठन मजबूती को लेकर बैठक की गई इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने कहा कि बूथ ऐजेंट बनाने का प्रक्रिया ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा इसमें एजेंट का नाम व्हाट्सएप मोबाइल नंबर और वोटर आईडी कार्ड का जीएलएम नंबर फार्म में अप्लाई करने के बाद चार अक्षर का ओटीपी नंबर आएगा ओटीपी नंबर डालने के बाद उस बूथ एजेंट का गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और इसी तरह सभी पंचायत में जल्द से जल्द या प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी वहीं सागर महतो ने बड़का चुम्बा के खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल एवं नेट का भी वितरण किया गया और खिलाड़ियों से कहा कि खेल की प्रतिभा को निखारते रहे और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें इस कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस से बूटी तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष जावेद हुसैन, प्रखंड सचिव फायदा हुसैन, भाग 01 मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार, भाग 3 मंडल अध्यक्ष संदीप कुशवाह,कांग्रेस युवा नेता राजकुमार टुडू,रोहित महतो विकास कुमार, राजेश प्रसाद, छोटू कुमार,विकास कुमार, राजकुमार मनीष कुमार, सिकंदर कुमार,करण राम, सोनू कुमार एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## रौऊता स्थित औद्योगिक क्षेत्र को किसी भी हालत में उजरने नहीं दिया जाएगा : महुआ मांजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सदस्या महुआ मांजी से मिला।उद्योगपतियों ने महुआ मांजी पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल सामूहिक रूप से ज्ञापन देकर रौऊता स्थित औद्योगिक क्षेत्र के वर्तमान परिवेश में उत्पन्न हुए समस्याओं से अवगत कराया। महुआ मांजी ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि किसी भी हालत में आपके औद्योगिक क्षेत्र के किसी भी उद्योग को बंद नहीं होने दिया जाएगा। हम लोग पूरी तरह से पूरे ताकत के साथ आप लोग के साथ खड़े हैं। और जल्द से जल्द संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आपके इस समस्या का समाधान निकालेंगे। और किसी भी स्थिति परिस्थिति में आपके उद्योगों को बंद नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष मनजी सिंह, सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी कार्यकारणी सदस्य मुरारीलाल अग्रवाल वरिष्ठ उद्योगपति अशोक जैन, गोविंद मेवाड़, मेहुल बसंत, ओमप्रकाश बजाज, बंटी बाबू, अभिषेक अग्रवाल, समेत कई गण्यमान्यों लोगो की उपस्थित मौजूद थी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला समीक्षा योजना बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को रामगढ़ के आभा भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला समीक्षा योजना बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिले स्तर पर विद्यार्थी परिषद की ओर से जिले भर में किए गए संगठनात्मक, आंदोलनात्मक व रचनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। दो सत्रों में हुई बैठक में पहले सत्र में प्रवासी सह झारखंड प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने संबोधित किया। उन्होंने संगठन विस्तार, परिषद द्वारा किये जाने आगमी कार्यक्रमो के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा की विद्यार्थी परिषद् का कार्य प्रान्त के सभी कालेज कैम्पस में हो इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा।बैठक में सदस्यता अभियान, स्थापना दिवस, नारी शक्ति दिवस, सामाजिक समरसता दिवस को लेकर समीक्षा की गई।साथ ही आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अंशु पाण्डेय, नितेश मोदी, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, नगर सह मंत्री रीना कुमारी, राहुल रजक, लक्ष्मी कुमारी, नगर मंत्री चितरपुर संदीप कुमार, नगर उपाधक्ष्य सूरज कुमार, अंशु कुमारी, उर्मिला कुमारी, आदित्य राज, आदित्य सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब कतरास में महासचिव पद के लिए विनय वर्मा ने किया नामांकन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रेस क्लब कतरास में महासचिव पद के लिए पत्रकार विनय वर्मा ने किया नामांकन। पत्रकार विनय वर्मा ने प्रेस क्लब कतरास के प्रगति एवं उत्थान के लिए प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों से महासचिव पद के लिए मांगा वोट।

उन्होंने कहा कि क्लब के विकास के साथ-साथ क्लब के सदस्यों की संख्या बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। पत्रकारों के हर सुख दुख में खड़ा रहेंगे तथा पत्रकारों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकार साथी के मेधावी बच्चों के पठन-पाठन में पूरा-पूरा सहयोग करेंगे। प्रेस क्लब को एक एंबुलेंस उपलब्ध कराएंगे जो पत्रकारों के साथ-साथ आम लोगों के भी काम आए।

# सरिया के लिए ऐतिहासिक दिन, रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास व शिप्रा एक्सप्रेस का ठहराव होगा आज

रंजन कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** सरिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर एक बड़ी खुशखबरी आई है कि रेलवे फाटक 20बी /3टी पर लोगों के द्वारा लगातार मांग की जा रही थी कि यहां पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण हो वह मांग पूरी होने जा रही है आज 26 फ़रवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से व कोडरमा संसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी व बगोदर विधायक विनोद सिंह की उपस्थिति में ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर करेंगे जिसकी तैयारी विभाग के द्वारा जोरशोर से की जा रही है।

**विभिन्न राजनीतिक दलों ने किया था आंदोलन :-** सरिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने आंदोलन किया जाता रहा है सबसे अधिक समय तक समाजसेवी जय प्रकाश मंडल ने धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया था आज टेलीफोन के माध्यम से इन्होने बताया की




आंदोलन का सुखद परिणाम आया है सरिया के लिये ये ऐतिहासिक दिन है, वहीं इनौस के द्वारा भी तत्कालीन सांसद रविंद्र राय का आवास घेराव किया था जिसे सम्हालने मे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करने की जरुरत पड़ गई थी, आरवाईए के जिलाध्यक्ष सोनू पाण्डेय ने बताया की लगातार बगोदर विधायक विनोद सिंह का प्रयास रहा है जो आज सुखद परिणाम मिला है हम बोगोदर विधायक को धन्यवाद देते है।

**अब जाम से मिलेगी मुक्ति :-** सरिया रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हो जाने से रांची दुमका मुख्य मार्ग पर लगने वाली लंबी जाम से अब लोगों को मुक्ति मिल जाएगी बताते चले की इस मुख्य मार्ग में पड़ने वाली रेलवे फाटक के कारण आए दिन चाहे वह स्कूल के बच्चे हो, इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से जा रहे हैं मरीज हो , परीक्षा देने जा रहे छात्र सबों को इस रेलवे फाटक पर लगने वाली जाम का सामना करना पड़ता था लेकिन अब यहाँ रेलवे ओवरब्रिज निर्माण हो जाने के बाद इस जाम मे फसने से छुटकारा मील जायेगा।

**पूर्व विधायक ने सदन मे उठया था रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर सवाल :-** बगोदर के पूर्व विधायक नरेंद्र महतो ने सरिया आरोबी के निर्माण के लिए विधानसभा में सवाल खड़े किए थे जिसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष पवन पाण्डेय ने बताया कि सरिया रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो हो यह पूर्व सांसद रवींद्र राय ये दोनों हमेशा से ही संवेदनशील रहे हैं और जब से कोडरमा लोकसभा का नेतृत्व जनता ने अन्नपूर्णा देवी को दिया है तब से सांसद भी इस रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर प्रयासरत रही है चाहे वह जिला प्रशासन से बात कर समन्वय स्थापित करने की बात हो या रेल मंत्रालय से हमेशा से ही रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को इन्होंने प्राथमिकता दिया है जिसका यह सुखद परिणाम आया है कि 26 फ़रवरी को रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास होने जा रहा है।

**मुम्बई के लिये एक और ट्रैन का हो ठहराव : भोला**

भाकपा माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल ने रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के होने वाले शिलान्यास कार्य को लेकर हर्ष व्यक्त किया है, इस बाबत इन्होने कहा की ओवरब्रिज निर्माण को लेकर हमेशा भाकपा माले मुखर रही है, भाकपा माले संगठन की आर वाई ए ने इसके लिये तत्कालीन सांसद के आवास को भी घेरने का काम किया था, लगातार बगोदर के विधायक विनोद सिंह इस जनसमस्या के समाधान को लेकर प्रयासरत रहे है जिसका परिणाम सबके सामने है, सरिया से बड़ी संख्या मे दिल्ली, मुम्बई या देश के अन्य राज्यों मे काम करने जाते है खास कर मुम्बई और वहाँ जाने के लिये सिर्फ एक ट्रैन है हम मांग करते है हज़ारीबाग रोड रेलवे स्टेशन से मुम्बई जाने वाली एक और ट्रैन का ठहराव हो जिससे लोगों को आने जाने मे सहूलियत हो सके।

## पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मराण्डी को मोर्चा ने सौंपा मांग पत्र



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा जैनामोड़ के बांधडीह हाई स्कूल मैदान में भाजपा के कार्यक्रम में पधारे झारखण्ड के प्रथम मुख्य मंत्री बाबूलाल मराण्डी एवं झारखण्ड विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को चालू विधानसभा सत्र में वर्तमान सरकार के समक्ष अलग राज्य आंदोलनकारियों की ज्वलंत समस्याओं की आवाज़ उठाने के लिए झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मण्डल ने नेताद्वय को 16 सूत्री मांग पत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बिदेशी महतो एवं जिला अध्यक्ष राजदेव माहथा के नेतृत्व में सौंपा गया। मांग पत्र में मुख्य मांगें झारखण्ड आंदोलनलारियों व झारखंडियों के अधिकारों को सुनिश्चित किया जाय।मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जयंती पर झारखण्ड आंदोलनकारी दिवस घोषित किया जाय। जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए अलग पहचान, मान - सम्मान, अधिकार एवं नियोजन, स्वास्थ सुविधा, शिक्षा सुविधा, सम्मान पेंशन समान रूप से 50-50 हजार रूपये प्रतिमाह प्रत्येक आंदोलकारियों को दिया जाय आदि। प्रतिनिधि मण्डल में मनिलाल मरांडी, खगेन्द्र नाथ वर्मा, सहदेव महतो, बिसेश्वर महतो, कृष्णा महतो, ललितनारायण महतो, गणेश महतो, कामदेव महतो, जमाल अंसारी एवं पानू गिरी आदि रहे।

## ठेका मजदूरों आश्रितों, झुग्गी, झोपड़ी एवं ठेला दुकानदारों के संघर्ष का वर्ष है : सुमन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ÷ का बार्षिक अधिवेशन सह वनभोज कार्यक्रम यूनियन के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में सिटी पार्क ÷ बोकारो में हर्षोल्लास के साथ सिटी पार्क में सम्पन्न हुआ। इसमें पिछ्ले वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का लेखा जोखा एवं उसी दौरान यूनियन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे करतल ध्वनि से स्वीकृत कर पारित किया गया। वर्तमान वर्ष 2024-25 के यूनियन के कार्यक्रम एवं गतिविधियों के सम्बन्ध में भी बिचार विमर्श किया गया ।

## झरिया के लोगों का विस्थापन हर हाल में झरिया में ही करना होगा : हर्ष सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोरापोखर क्षेत्र के जियलगोरा चेकपोस्ट के समीप रविवार को जनता मजदूर संघ बच्चा गुट का आयोजित मिलन समारोह में भाजपा युवा मोर्चा के भागा मंडल के महासचिव गणेश साव अध्यक्ष रजनीश सिंह, सचिव अनीता देवी ने दो सौ समर्थकों के साथ संघ के केंद्रीय संगठन सचिव हर्ष सिंह में आस्था व्यक्त करते हुए संघ में शामिल हुए। संघ में शामिल हुए सभी लोगों का हर्ष सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया।



समारोह कि अध्यक्षता संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमा शंकर शाही व संचालन क्षेत्रीय सचिव मृणालकांत सिंह ने किया। समारोह में हर्ष सिंह ने कहा कि लोगों के जीवन के लिए घर, पानी, अस्पताल और रोजगार महत्वपूर्ण है। सभी के पास घर है लेकिन आज तक पानी तथा मुफ्त इलाज के लिए लोगों को भटकना पड़ता था। आज विधायिका पुर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से लोगों को जलसंकट से निजात दिलाने को घर घर नल जल कि व्यवस्था को पाइप लाइन बिछाई जा रही है तथा झरिया में ही अस्पताल निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। उन्होंने सिंह मेंशन पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज झरिया उजड़ने नहीं देने कि बात कर रहे हैं, वही लोगों ने तीन हजार लोगों का विस्थापन झरिया से बाहर कराया है। लेकिन वे झरिया के लोगों का विस्थापन झरिया में ही कराने को कटिबद्ध है। रोजगार के मुद्दे पर कहा कि धनबाद में जहां कही भी आउटसोर्सिंग परियोजना चलेगी वहां के स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत रोजगार आउटसोर्सिंग में हर हाल में प्रबंधन को देना होगा। रोजगार दिए बगैर एक दिन भी आउटसोर्सिंग नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने संघ में शामिल हुए लोगों को भरोसा दिया कि वे निष्ठा से कार्य करें। संघ उसके लिए सुरक्षा कवच बनकर संघर्ष करेगी। रितेश सिंह ने कहा कि जियलगोरा के लोग पहले पीटवाटर के लिए तरसते थे लेकिन आज पुर्णिमा सिंह के चलते यहां के लोग पीने कि पानी से नहाते धोते हैं। मौके पर अभिषेक सिंह, सुबोध सिंह, रामबाबू सिंह, अमरजीत यादव, पूर्व पार्षद चंदन महतो, महीप सिंह, गुडडू सिंह, विकाश सिंह (टोनी ) आदि थे।

## उसरी के बाद प्रदूषण के लिए औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाएंगे सामाजिक संगठन : राजेश सिन्हा




पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** ज़िले में रविवार को उसरी नदी को बचाने के लिए उसरी नदी जहां से शुरू हुई वहां से गिरिडीह तक घर घर उसरी नदी और पर्यावरण को बचाने का अभियान चलाया जाएगा। उक्त बातें उसरी बचाओ अभियान के संयोजक मंडली के सदस्य राजेश सिन्हा ने पदयात्रा कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि उसरी नदी को बचाने और संवारने की दिशा में हम सब मिलकर एक गैर राजनैतिक संगठन के बैनर तले काम कर रहे हैं और परिणाम बहुत जल्द दिखेगा,उसरी नदी के बाद औद्योगिक क्षेत्र में आंदोलन होगा,गिरिडीह को बर्बाद नहीं करने देंगे वही संयोजक मंडली के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि उसरी नदी और पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने छात्र नौजवान मजदूर किसान सभी से उसरी बचाओ अभियान से जुड़ने की अपील की । जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उसरी नदी के संरक्षण और संवारने के लिए सरकार जिला प्रशासन गंभीर है। जिला पर्यावरण समिति के सदस्य राजकुमार राज ने कहा कि जिला प्रशासन ने उसरी बचाओ अभियान की सभी मांगों को मान लिया है और उस पर जल्द काम भी शुरू होगा। नागरिक विकास मंच के विनय सिंह ने कहा कि बहुत सालों से उसरी को बचाने में हम लगे हैं और लगे रहेंगे। लायंस क्लब के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि उसरी बचाओ अभियान अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम में सभी का साथ और सहयोग जरूरी है। महिला नेत्री कुसुम सिन्हा ने उसरी बचाओ अभियान में नारी शक्ति को आगे आने का आह्वान किया।संयोजक कमिटी के आलोक मिश्रा ने कहा की घर घर को इस अभियान से जुड़ना होगा तब ही सफलता हाथ लगेगी।

## महुदा में नए थाना प्रभारी के आते ही चोरी का हुआ उद्भेदन, दो गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना के नए थाना प्रभारी धीरज कुमार के पद भार ग्रहण करते ही वॉल्ट मांट इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, मुचीराईडीह में 13 फरवरी 2024 में हुई चोरी का हुआ उद्भेदन ,दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। मालूम हो कि 13 फरवरी 2024 को चोरों ने उक्त कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था , जिसकी सूचना लिखित रूप से कंपनी के परमानन्द कुमार बर्मा ने महुदा थाना को दिया था। जिसमे महुदा कांड संख्या 12/2024/ दिनांक 15 .2.2024 अंकित किया गया। कुछ ही दिन बाद पुलिस ने मामले का उद्भेदन कर दो चोर जिसमें सुमित कुमार श्रीवास्तव, और साहिल कुमार रवानी, जो धनसार और धनबाद का रहने वाला बता रहे है। साथ ही पुलिस ने चोरी का एक गैस सिलेंडर, दो बैटरी, एक टुल्लू पंप दो इनवर्टर आदि सामान की जब्ती किया है।पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में चोरी में शामिल उक्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

## बाइक सवार अपराधियों ने महिला के गले से सोने का चेन छीनकर हुए फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** टाउन सर्किल के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर दो बजे सेक्टर 12 ए आवास संख्या 2055 के पास बाइक सवार दो अपराधी कौशल्या देवी नामक महिला के गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। मंगलसूत्र लगा चैन लगभग 1 लाख 30 हजार रुपए बाजार मूल्य का है। महिला स्ट्रीट डॉग को खाना देने के लिए बाहर निकली, खाना देने के बाद ज्यो ही वापस हुई, तो उनके घर के पास बाइक सवार अपराधी गले से चेन छीनकर फरार हो गए। बताता चलूं की शुक्रवार को ही सिटी थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव कॉलोनी में बेटे को बस स्टॉप से लाने गई महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई थी। इस घटना के संबंध में पुलिस अभी सुराग के तलाश में लगी ही हुई थी कि अगले ही दिन सेक्टर 12 ए में स्नैचिंग की घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोल दी। फिलहाल अपराधी की पहचान नहीं हुई है पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधी की पहचान करने में जुटी हुई है।



## ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में रंगीन कार्निवल का आयोजन, बच्चों ने किया शानदार कला का प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया मे एक रंगीन कार्निवल का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि बच्चे इससे काफी कुछ सीख रहे हैं। इस आयोजन में कक्षा 9 की छात्राओं ने चाऊमीन और मंचूरियन के स्टॉल लगाए, जबकि कक्षा 8 के छात्रों ने दही वडा, कांजी वड़ा, वेज मोमो, चिकन मोमो, सोडा, भेल पुरी का स्वादिष्ट संग्रह प्रस्तुत किया। कक्षा 7 के छात्रों ने सांभर



वडा, झाल मुर्मुरी और चाय के स्टॉल लगाए, और कक्षा 6 के छात्रों ने आलू कट, एम योर टारगेट और फुटबॉल गेम का स्टॉल लगाकर दर्शकों का मनोरजन किया। स्टॉल में परोसे जाने वाले सभी व्यंजन बच्चों द्वारा स्वयं तैयार किए गए थे, जिससे उन्हें टीम वर्क और नेतृत्व के महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुए। यह पहली बार था जब बच्चों ने इस तरह का आयोजन किया था और अपनी कड़ी मेहनत और सहयोग से अपने स्टॉल को सफलतापूर्वक चलाया। कार्निवल में अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर्स गेम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की मां, दादी और नानी भी उत्साहपूर्वक भाग लेती हुई नजर आई। इसके अलावा, एक टैलेंट शो भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने समरसॉल्ट, डांस और गायन जैसे विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्निवल में स्कूल के निदेशक, डॉ. एस. खालिद, अध्यक्ष निकहत परवीन और विद्यालय प्राचार्य विद्या सिंह के साथ साथ विशेष अतिथि डॉ शाहिना इमाम भी शामिल हुई। बच्चों के मनोरंजन के लिए ट्रैम्पोलीन और मिकी माउस जैसे झूलों का भी इंतजाम किया गया था, जिससे यह कार्निवल उनके लिए एक यादगार और आनंदमय अनुभव बन गया। ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने एक बार फिर दिखाया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का समग्र विकास भी उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## भाविप धनबाद की वार्षिक आम सभा व नई कार्यकारिणी का चुनाव

### 2024 -25 सत्र के अध्यक्ष बने सोमनाथ प्रुथी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत विकास परिषद धनबाद मुख्य शाखा की आम सभा रविवार को धनबाद के बैंक में स्थित एक होटल में संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2024 25 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव की गई। चुनाव में सोमनाथ प्रुथी को अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल को कार्यकारी अध्यक्ष संदीप चक्रवर्ती को उपाध्यक्ष पंकज सिंह को सचिव अमित सतनालिका को सहसचिव पवित्र तुलस्यान को वित्तीय सचिव योगेंद्र तुलस्यान एवं संजय जैन को संरक्षक बनाया गया। विस्तृत कमेटी की रूपरेखा अगली कार्यकारिणी सभा में की जाएगी कार्यकारी समिति आगामी 1 अप्रैल 2024 से प्रभावित होगी। सभा में वर्तमान अध्यक्ष संजय जैन, चुनाव पर्यवेक्षक योगेंद्र तुलस्यान, चुनाव अधिकारी अरुण भगानिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष सोमनाथ प्रुथी, सचिव कृष्ण कुमार गोयल, संदीप भुदिया, दीपा तुलस्यान, नितिन हडोदिया, एमपी रिटोरिया, संगीता गोयल, इंदिरा तुलस्यान एवं बबिता जैन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आज 2,000 से अधिक रेल अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

माननीय प्रधानमंत्री ने लगातार रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में माननीय प्रधानमंत्री जी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए शहर के केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फसाड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

इसके अलावा माननीय प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, जिसका लगभग 385 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान सुविधाओं को अलग कर दिया गया है। यह शहर के दोनों हिस्सों को जोड़ता है। इस केंद्रीय वातानुकूलित स्टेशन में आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे कि एयर कॉनकोर्स, कंजेशन फ्री सर्कुलेशन, फूड कोर्ट और ऊपरी व निचले बेसमेंट में पर्याप्त पार्किंग स्थान है। इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। ये रोड ओवरब्रिज और अंडरपास 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित हैं। लगभग 21,520 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से ड्यूटी पर तैनात दो ट्रेकमैन की हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो गोमो तेलो रेल लाइन के तेलो स्टेशन से करीबन ढेड़ किलोमीटर के दूरी पर दांदूडीह के समीप पोल संख्या सी-8/5 ओर सी-8/7 के बीच मे दो रेलवे ट्रेक मेन (पेट्रोलिंग मेन) ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से दोनो की मौत हो गयी। तेलो स्टेशन मास्टर के द्वारा इस बावत गैंग मेन इंचार्ज एवं जीआरपी पुलिस को सूचना दी गई।घटना की सूचना मिलने पर वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ चंद्रपुरा रंजीत कुमार घटना स्थल पर



पहुँचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लगभग 3¬45 बजे सूचना मिलने के बाद तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली। घटनास्थल पर दोनों कर्मी का शव छत विक्षत पड़ा हुआ मिला। साथ ही बताया कि युक्त घटना इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18623 अप की चपेट में आने से दोनों ट्रेक मेन रेल कर्मी की मौत हुई है। ड्यूटी के रिकॉड के आधार पर दोनों की पहचान किया गया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की रात्रि को 10 बजे से मोहन कुमार शर्मा 40 वर्ष एवं राहुल कुमार उम्र 28 वर्ष दोनो ट्रैक पेट्रोलिंग गस्ती में ड्यूटी कर रहे थे। दोनो कर्मी राहुल कुमार 28 वर्षीय गांव बढैया थाना कुर्था जिला अरबल बिहार वही दूसरे कर्मी मोहन कुमार शर्मा 40 वर्ष पटौरी पशिचम वार्ड नम्बर 8 गांव पटगछिया, जिला सहरसा बिहार के थे। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन की दी गयी। पुलिस शव कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जाँच में जुटी गई है।

## चलते चलते एक नजर

### विधायक भानु ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**केतार(गढ़वा):** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को केतार कर्पूरी गेट के समीप 1.87 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास नारियल तोड़ कर किया। उक्त सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद् की राशि से 3 किलोमीटर कर्पुरी गेट से मुख्य बाजार होते हुए सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर तक बनेगी। मुख्य बाजार में सभा को संबोधित करते विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा की हम जब भी अपने गृह क्षेत्र में आते है तो आप लोगो के लिए कुछ जरूर लेकर आते है चाहे वह बिल्डिंग हो पुल हो या सड़क हो ताकि हमारे क्षेत्र के लोगो को सभी सुविधाए का लाभ मिलता रहे और हम अपने आप को एक विधायक और नेता नही बल्कि इस क्षेत्र का बेटा मानते है। कर्पूरी गेट से बाजार होते हुए मंदिर तक पूर्व में जो सड़के थी काफी संकीर्ण हो गई थी जिसकी वजह से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नए सड़क बन जाने से सभी समस्याएं खत्म हो जाएगी और केतार बाजार की रौनक फिर से वापस लौट आएगी। वही विधायक भानु ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में सिर्फ आगे है।उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीण जनता से 28 फरवरी को 51 बहनों को शादी में आशीर्वाद देने टाउनशिप आने का आग्रह भी किया।इस मौके पर भगत दयानंद यादव मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुखिया मुंगा साह, विक्रमा सिंह,धर्मेन्द्र सिंह भाजयुमो अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, राम प्रसाद कमलापुरी, राम प्रवेश ठाकुर, राकेश सिंह, राजा प्रसाद, योगेंद्र सिंह,अखिलेश सिंह, राजू सिंह, धीरेन्द्र शुक्ला, दिलीप जयसवाल शिवभरोष सिंह गुडू जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पीएम मोदी ने द्वारका में लगाई आस्था की डुबकी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के द्वारका में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और इसके बाद उन्होंने गहरे समुंदर के भीतर जाकर आस्था की डुबकी लगाई. पीएम मोदी ने इसे इतिहास और आध्यात्मिकता का अनुभव बताया. पीएम मोदी समुंदर में डूबी द्वारका के गहरे पानी के भीतर गए और वहां प्रार्थना की. उन्होंने बताया कि इस अनुभव ने देश की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक जड़ों के साथ एक दुर्लभ और गहरा संबंध प्रस्तुत किया है.खास बात यह है कि पीएम मोदी पानी के भीर भगवान कृष्ण को अर्पण करने के लिए मोर पंख भी लेकर गए थे.पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था. उन्हें आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ. भगवान श्री कृष्ण सभी को आशीर्वाद दें. बता दें कि द्वारका एक प्राचीन शहर है, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की नगरी के रूप में देखा जाता है.पीएम मोदी के लिए द्वारका के समंदर में जाना सिर्फ पानी में घुसना नहीं था, बल्कि समय के जरिए एक यात्रा थी, जो शहर के गौरवशाली अतीत और भगवान कृष्ण के साथ इसके जुड़ाव को उजागर करती है. पानी में जाकर पीएम मोदी ने द्वारका को श्रद्धांजलि अप्रित की. उन्होंने इसे एक ऐसा शहर बताया, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत समेटे हुए है. इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने भाषण में भी द्वारका में अपने दर्शन के अनुभव को साझा किया.इससे पहले पीएम मोदी ने गुजरात के द्वारका में भारत के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज का उद्घाटन किया था.

# जन आंदोलन की शुरुआत है झामुमो का मिलन समारोह : चम्पाई सोरेन

## मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने थामा जेएमएम का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री आवास कांके रोड, रांची में संपन्न हुए झामुमो के मिलन समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों और दलों के लगभग 3 हज़ार युवा और महिलाओं ने दिशोमगुरु शिबू सोरेन व हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के समक्ष झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में कई लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। साथ ही मौके पर कहा कि आंदोलनकारियों की बदौलत हमें यह झारखंड राज्य मिला है। और जिस तरीके से हमारे युवा मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन कार्य कर रहे थे, सुदूर गांव में भी हर एक घर तक योजना पहुंचने का काम कर रहे थे। इसी को देखते हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत उनको जेल भेजने का काम किया है। आज यह मिलन समारोह





एक जन आंदोलन की शुरुआत है आने वाले दिनों में यह बड़ा रूप लेगा।मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता श्री विनोद कुमार पांडे ने भी युवाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कहा कि आने वाले दिनों में नए सदस्यों के साथ भी पार्टी हर एक हर स्तर पर केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जिस तरीके से हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है, आज इसी क्रम में हजारों हजार की तादाद में युवा और महिलाएं जो आप देख रहे हैं पार्टी के प्रति आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आने वाले दिनों में यह सिलसिला जारी रहेगा। हम निरंतर लोगों को पार्टी से जोड़कर झारखंड की जनता के हित में आवाज को बुलंद करेंगे।

### मिलन समारोह में इनकी रही उपस्थिति

मिलन समारोह में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलाम आजाद, रामानंद बेड़िया, रामशरण तिर्की, डॉ तालकेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, बबलू राम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सदस्यता ग्रहण करने वालों मे मुख्य रूप से आदिवासी सेना के अलविन लकड़ा, विकास तिर्की, अमरनाथ लकड़ा, झापा के अंशु लकड़ा, बचन उरांव, योगेश भगत, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के शशि टुटी, रामकुमार नायक, दीपक लकड़ा, आजसू के लक्ष्मी बैठा, अनिता टोप्पो, महताब अंसारी, अबुतालीब अंसारी, मोहसिन अख़्तर, फिरोज अंसारी, मुंतीजीर ख़ान, निशांत कच्छप, पवन तिग्गा, रश्मि टोप्पो, अर्पण इंदवार, नजरूल हक के साथ हजारों संख्या मे लोग शामिल हुए।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा लाभार्थी कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा द्वारा लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन नरगिर आश्रम में मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, बैठक प्रभारी रामसरीख चंद्रा, सह प्रभारी चंदन जायसवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, सूरज गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, भगत सिंह साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश प्रभारी मंजू सिंह आदि उपस्थित थे।

जिला अध्यक्ष ने विचारों को रखा और कहा कि हमारे कार्यकर्ता सब ऊर्जावान ओजस्वी कर्मठ समर्पित है। मोदी जी के सपनों को साकार कर भारी मतों से हम अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि को जीता कर दिल्ली भेजेंगे यही हमारा संकल्प है, यही हमारा संदेश है और यही हमारे भाजपा का धर्म है। मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि हम सबको एक ही संकल्प अबकी बार 400 पार के नारे को जन-जन तक पहुंचाना है।

## गठबंधन के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हुए शामिल अखिलेश

एजेंसी

**आगरा :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और सपा मुखिया अखिलेश यादव भी शामिल हुए. इस दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं. गठबंधन के ऐलान के बाद समाजवादी पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का ऐलान किया था. बता दें कि हाल ही में सपा-कांग्रेस के बीच गठबंधन का ऐलान हुआ था, जिसमें सपा ने कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट देने का वादा किया है. इसमें वाराणसी और प्रयागराज भी शामिल है.राहुल गांधी की यात्रा में अखिलेश यादव का शक्ति प्रदर्शन भी नजर आया और बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे. वहीं आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद दोनों नेता ने पदयात्रा शुरू की. इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा, 'राहुल गांधी देश में मोहब्बत की बात करते हैं. लेकिन यह शहर पूरा मोहब्बत का शहर है.



हमारी लड़ाई संविधान बचाने की लड़ाई है. बीजेपी हटाओ देश को बचाओ. हमारी लड़ाई तभी सफल होगी जब उत्तर प्रदेश में बीजेपी हारेगी. 80 हराओ लोकतंत्र बचाओ.इस दौरान मंच पर राहुल गांधी के साथ, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं. इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, 'मुझे भीड़ में से एक लड़का आया और कहता है कि मैं जानता हूं कि आप क्या कर रहे हैं.

## संत मरियम विद्यालय में नामांकन परीक्षा में 200 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु 200 से अधिक बच्चों ने द्वितीय चरण की परीक्षा दी। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूं। आगे उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यालय में बच्चों के नामांकन हेतु द्वितीय चरण की परीक्षा थी, जिसका रिजल्ट आगामी 28 फरवरी 2024 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया



जाएगा, वहीं तृतीय चरण की परीक्षा आगामी 31 मार्च को होगी, उसके लिए अभिभावक संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म लेकर परीक्षा के लिए अप्लाई कर सकते हैं। विदित हो कि परीक्षा के दरमियान सभी परीक्षा दे रहे सभी बच्चे हंसते-मुस्कुराते-खिलखिलाते हुए दिखे। श्री देव ने कहा कि बच्चे के चेहरे पर यह मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए हमारा विद्यालय परिवार प्रतिबंध है। इस मौके पर विद्यालय पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एस. बी. साहा समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## भारत व जापान की सेनाओं का संयुक्त अभ्यास शुरु

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का 5वां संस्करण रविवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास हर साल वैकल्पिक रूप से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व उनकी 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट और भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।सैन्य प्रवक्ता कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर केंद्रित होगा। सामरिक अभ्यास में अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, एक इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (आईएसआर) ग्रिड बनाना, मोबाइल वाहन चेक



पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और सर्च ऑपरेशन को अंजाम देना, हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देश की बढ़ती रक्षा औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक हथियार और उपकरण प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची का भी एक्सरसाइज 'धर्म गार्जियन' के मौके पर भारत का दौरा करने का कार्यक्रम है। वह 03 मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करके कॉम्बैट शूटिंग प्रदर्शन, स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशन (एसएचबीओ) और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे। अभ्यास 'धर्म गार्जियन' दोनों पक्षों को सामरिक संचालन करने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इस अभ्यास से दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन क्षमता और सौहार्द्र विकसित करने में भी मदद मिलेगी। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने किया शौर्य सम्मान समारोह आयोजित

### जनता का सम्मान पाना पुलिस के लिए बहुत बड़ी बात : मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा शनिवार की शाम शहर के टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में शौर्य सम्मान समारोह आयोजित की गयी। समारोह में एसपी दीपक कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस पदाधिकरियों एवं कर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एसपी सहित उद्भेदन करने वाली टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता का सम्मान पाना पुलिस के लिए बहुत बड़ी बात है। पुलिस के लिए आयोजित यह सम्मान समारोह बहुत ही सराहनीय कदम है। यह सम्मान पुलिस की जिम्मेदारी को और बढ़ा देगी। साथ ही इनमें कार्य करने की उर्जा का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि आज पुलिस ने जिस तत्परता से बड़े मामले का त्वरित



गति से उद्भेदन करते हुए शत प्रतिशत लूट का सामान बरामद कर लिया यह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। इससे पुलिस की तत्परता एवं कार्य कुशलता झलकता है। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन कर जनता जब सम्मानित करती है तो इससे सरकारी कर्मियों को मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग काफी मिलनसार हैं। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि पुलिस के लिए नागरिक सम्मान पाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। इस प्रकार के आयोजन से काफी उत्साह मिलता है। गढ़वा में कार्य करने में मंत्री जी से काफी मोटिवेशन मिलता है। गढ़वा छोटी जगह है फिर भी यहां के लोगों का सहयोग काफी है। जनता ही हमारी आंख और कान है। मौके पर एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, गढ़वा थाना प्रभारी केके साहु, चैम्बर अध्यक्ष बबलू पटवा, सर्राफा संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर नाथ सोनी, व्यवसायी नंद कुमार गुप्ता, विनोद जायसवाल, ज्योति प्रकाश केशरी, जय सोनी, मुरली श्याम सोनी, विनोद पाठक आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन साहु ने किया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एएसआई झारखण्ड चैप्टर मुफ्त में करेगी गंभीर बीमारियों का इलाज : सरिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ए एस आई झारखण्ड चैप्टर के सचिव डॉ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड सर्जन संगठन के द्वारा ओम साईं चिरायु अस्पताल और डेटोन माइनिंग के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर व कैंसर बीमारी को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 310 मरीज देखे गए थे और 310 मरीजों में से 20 मरीज ऐसे थे जिन्हें सर्जरी की जरूरत है जिसका देवकी अस्पताल व ओम साइन चिरायु अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा साथ ही मेडिकल कैंप में विशेष रूप से कैंसर बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया ताकि लोग इस गंभीर बीमारी को लेकर जागरूक रहे उक्त शिविर में गैस्ट्रो सर्जन डॉ आशीष कुमार, कैंसर सर्जन डॉक्टर पीके रैना, आदि थे।

## महिलाओं में बढ़ रहे स्तन कैंसर की जांच के लिए कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिलाओं में बढ़ रहे स्तन कैंसर की शीघ्र जांच और पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सवेरा कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणा के गुरुग्राम में की गई। इसकी विधिवत शुरुआत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में पहली बार इस तरह का कोई कार्यक्रम शुरू किया गया है। गुरुग्राम के बाद इसे बाकी जिलों में भी शुरू किया जाएगा। इस कार्यकम के तहत महिलाओं में स्तन कैंसर का शुरूआती स्तर पर ही पता लगाया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेदांता फाउंडेशन द्वारा सवेरा कार्यक्रम की अनूठी शुरूआत की गई है। इस कार्यकम को पहले चरण में गुरुग्राम के सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल, सेक्टर-31 के पोलीक्लिनिक और वजीराबाद के प्राथमिक सामुदायिक केन्द्र में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम/अभियान के विस्तार के लिए जल्द ही स्वास्थ्य विभाग और मेदांता फाउंडेशन के बीच एक समझौता भी होगा। मनोहर लाल ने कहा कि कैंसर एक ऐसा रोग है जिसकी पहचान (डायग्नोस) देर से होती है। जिसके अतर्गत कभी स्टेज-2, स्टेज-3 और कभी-कभी स्टेज-4 तक कैंसर की पहचान की होती है। स्तन कैंसर भी उनमें से एक कैंसर है,



जोकि ज्यादातर शहरों में रहने वाली महिलाओं में पनपता है। उन्होंने कहा कि देशभर में लगभग 90 हजार महिलाएं स्तन कैंसर के कारण प्रति वर्ष अपनी जान गवां देती हैं। उन्होंने कहा कि सवेरा कार्यक्रम के अतर्गत स्तन कैंसर की जांच के लिए नेत्रहीन महिलाओं/बहनों की सहायता ली जाएगी, जोकि बहुत ही सराहनीय है। ये बहनें अपनी अत्याधिक विकसित स्पर्श इंद्रियों की मदद से स्तन कैंसर का परीक्षण करेंगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के गांव सिहीं में जन्में सूरदास भले ही दृष्टिहीन थे, परतु वे बहुत ही बड़े कवि हुए। उन्होंने समाज को दर्शन देने का काम किया तथा दिव्यांगता उनके कभी भी आड़े नहीं आई।मेदांता के ग्रुप सी.ई.ओ एवं डायरेक्टर पंकज साहनी ने कहा कि स्तन कैंसर के अधिकतर मामले विकसित चरण में सामने आते है। इसकी बढ़ती संख्या के कारण समय पर पहचान, निदान और इलाज अत्यधिक आवश्यक है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने मरीजों को खुद के स्वास्थ्य की देखभाल करने में समर्थ बनाएं। इसके लिए हम मेदांता में निरंतर नए तरीके अपनाते हैं। सवेरा अभियान इसी दिशा में उठाया गया कदम है।गुरुग्राम के सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक नई अलख जगाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने चिरायु-निरोगी योजना राज्य में लागू की है। उन्होंने बताया कि सवेरा कार्यक्रम के तहत 6 नेत्रहीन बहनें इस कार्यक्रम में शुरुआत करेंगी।

## सेब की फसल के लिए वरदान है बर्फबारी : मौसम वैज्ञानिक

एजेंसी

**कानपुर :** जनवरी में मौसम शुष्क बने रहने से सेब किसान परेशान हो गए थे। लेकिन फरवरी की शुरूआत में देर से बर्फबारी होने के बाद किसानों चहेरों पर खुशी है। अगर बर्फबारी मार्च तक जारी रहती है तो सेब की अच्छी फसल होगी, जिससे अच्छा मुनाफा होगा। वहीं ज्यादा बर्फबारी से सेब की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले फंगस भी खत्म हो जाएंगे। इस प्रकार हो रही बर्फबारी सेब की फसल के लिए वरदान साबित होगी। यह बातें रविवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने कही।उन्होंने बताया कि इस सीजन में देरी से पहाड़ों पर मौसमी गतिविधियों की शुरूआत हुई है। अभी पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी और बारिश का दौर चल रहा है। इन मौसमी गतिविधियों से पहाड़ी राज्यों में मौसम सर्द और मैदानी इलाकों के तापमान में बदलाव हो रहा है। फरवरी महीने में मौसमी गतिविधियां बारिश, बर्फबारी, ओले अपना असर दिखा रही हैं। लंबे समय के बाद पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का लुफ्त उठाने के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहाड़ों राज्यों में उमड़ने लगे हैं। जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसासियों के चेहरे खिल



गए हैं। क्योंकि इस सीजन में दिसंबर और जनवरी में पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी नहीं हुई थी, जिस कारण पहाड़ों पर टूरिस्ट नहीं पहुंचे। पर्यटकों के नहीं पहुंचने पर पर्यटन कारोबार में तेजी से गिरावट हुई थी और व्यवसायियों की जीविका मुश्किल हो रही थी।मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि जब पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी होगी तो पर्यटक पर्वतारोहण और ट्रैकिंग करने पहुंचते हैं। इसी के साथ फेमस ट्रैक रूट पर ट्रैकिंग करने सैलानी पहुंचेगे, जिससे इन दोनों पर्वतारोहण और ट्रैकिंग से जुड़े कारोबारियों को फायदा होगा। वहीं टूरिस्ट गाइड, होम स्टे कारोबार, खाने-पीने का कारोबार करने वाले सभी लोगों को लाभ होगा। वहीं अगर बर्फबारी मार्च तक जारी रहती है तो सेब की अच्छी फसल होगी, जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा होगा। सेब के पेड़ों के लिए चिलिंग प्वाइंट